मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का
लोकप्रिय हिंदी दैनिक

# उल्हास विकास

■ वर्ष : 42 ■ अंक : 282 ■ गुरुवार, 6 फरवरी 2025 3 रुपए ■ पृष्ठ 4

FOLLOW US @ulhasvikas ulhasvikas@gmail.com Google Play
GET IT ON ULHAS VIKAS Google Play · Subscribe to our ULHAS VIKAS YouTube Channel · Subscribe

संपादक - हीरो अशोक बोधा BMM, L.LB., M.A. Mobile.:- 9822045566
epaper.ulhasvikas.com



पृष्ठ... 4 पर पढ़ें..

**महाराष्ट्र में सरकार बनाएगी 8 लाख घर**

# चाइनीज ठेलों व ढाबों पर भी बिक रही शराब

- उल्हासनगर में अवैध शराब का कारोबार
- उत्पादन शुल्क अधिकारी नींद में
- कई होटल बिना लाइसेंस बेच रहे शराब

उल्हासनगर। उल्हासनगर शहर में इन दिनों अवैध रूप से देशी, विदेशी व गावठी शराब का कारोबार धड़ल्ले से चल रहा है। पुलिस द्वारा छापेमारी के दौरान कुछ आरोपियों की गिरफ्तारी और कार्रवाई तो हो रही है लेकिन बावजूद यह कारोबार धड़ल्ले से चल रहा है। एक तरफ विदेशी शराब अवैध रूप से बेची जा रही तो वहीं हातभट्टी के अड्डे शहर की सीमाओं पर बने हुए हैं। वहीं चाइनीज ठेलों, ढाबों व कई होटलों पर भी बिना किसी लाइसेंस के शराब बेची जा रही है। उत्पादन शुल्क के अधिकारियों को इसकी खबर होते हुए भी खुली छूट दिए हुए हैं। उल्हासनगर शहर में ड्राय डे पर भी शराब आसानी से मिल जाती है। इस अवैध कारोबार पर नकेल कसने का समय आ चुका है।

## द्वारली गांव में गावठी शराब का अड्डा ध्वस्त

- 2 लाख 82 हजार का माल जब्त
- 8 आरोपी हिरासत में



उल्हासनगर क्राइम ब्रांच ने हिललाईन पुलिस क्षेत्र में छापेमारी कर द्वारली गांव में चल रहे हातभट्टी गावठी शराब के अड्डों को जेसीबी की मदद से नष्ट कर दिया। उल्हासनगर क्राइम ब्रांच पुलिस को सूचना मिली थी कि हिललाइन पुलिस स्टेशन के अंतर्गत आने वाले द्वारली पाडा गांव के पाटील चाळ के पास एक खुले जगह में एक बड़े हातभट्टी गावठी शराब का अड्डा है और वहां बड़ी मात्रा में शराब बनाई जा रही है। पुलिस ने छापेमारी कर इन सभी ठिकानों को नष्ट कर दिया है। पुलिस ने गांव में शराब बनाने में इस्तेमाल किए जाने वाले 2 लाख 82 हजार रुपए का माल जब्त किया है और अड्डा चालक लहू म्हात्रे समेत 8 अन्य आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई भी की है।

## उल्हासनगर क्राइम ब्रांच ने अवैध शराब के धंधों के खिलाफ तेज की कार्रवाई



**उल्हासनगर.** उल्हासनगर क्राइम ब्रांच ने एक सप्ताह में अवैध शराब विक्रेताओं के खिलाफ दो कार्रवाई कर बड़ा खुलासा किया है।

सबसे पहले, अपराध शाखा के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अशोक कोली के नेतृत्व में एक टीम ने अंबरनाथ शिवाजी नगर पुलिस स्टेशन की सीमा के भीतर ड्राई डे के दिन अवैध रूप से शराब बेच रहे एक युवक को गिरफ्तार किया और उसके पास से लगभग 40 हजार रुपये मूल्य की शराब जब्त की।

4 फरवरी को क्राइम ब्रांच के पुलिस कांस्टेबल गणेश गावड़े को मुखबिर से सूचना मिली कि बदलापुर कर्जत रोड पर खरवई गांव में मृणाल होटल में एक व्यक्ति अवैध रूप से देशी-विदेशी शराब की बोतलें बेच रहा है।

तदनुसार, वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अशोक कोली के मार्गदर्शन में सहायक पुलिस उपनिरीक्षक बबन बांडे और हेड कांस्टेबल सावंत, गावड़े, जाधव, शेरमाले, थोरवे, उगले के नेतृत्व वाली टीम ने खरवई गांव में मृणाल होटल पर छापा मारा और संजय अशोक कोंडू को गिरफ्तार कर उसके पास से 27,000 रुपये की देशी और विदेशी शराब जब्त की। वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अशोक कोली ने बताया कि विस्तृत पंचनामा के बाद आरोपी को आगे की कार्रवाई के लिए बदलापुर ईस्ट पुलिस स्टेशन को सौंप दिया गया।

## वडोलगांव में दूषित जल से नागरिक त्रस्त



- एक वर्ष से है दूषित पानी की समस्या
- बच्चे हो रहे बीमार
- मनपा प्रशासन द्वारा अनदेखी
- गांववासी आंदोलन के मूड में

**उल्हासनगर.** उल्हासनगर 3 स्थित वडोलगांव क्षेत्र के नागरिक दूषित जल से पीड़ित हैं। पिछले एक साल से नागरिकों को दूषित पानी मिल रहा है। वडोलगांव क्षेत्र के नागरिक कभी लाल रंग के, कभी बहुत गंदे, तो कभी बदबूदार पानी के कारण बीमार पड़ रहे हैं। नागरिकों को अक्सर विभिन्न बीमारियों का सामना करना पड़ रहा है, यहां तक कि छोटे बच्चे भी बीमार पड़ रहे हैं और इस क्षेत्र में एक बड़ी स्वास्थ्य समस्या उभर रही है। महानगरपालिका को बार-बारद आवेदन देने के बावजूद अधिकारी समस्या देखने तो आते हैं, लेकिन इस ओर ध्यान नहीं देते। इसी तरह जब चुनाव होते हैं तो स्थानीय जनप्रतिनिधि वोट मांगने आते हैं, लेकिन उसके बाद कोई ध्यान नहीं देता गांव की इस समस्याओं का समाधान करने के लिए।

## बिना अनुमति बैनर लगाने वालों पर मामला दर्ज

- मनपा कर्मचारी ने सेंट्रल पुलिस में की शिकायत
- अवैध पोस्टर से शहर बन रहा विकृत





**उल्हासनगर.** मनपा मुख्यालय के सामने स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा की सुरक्षा दीवार पर बिना अनुमति के बैनर लगाने वालों के खिलाफ सेंट्रल पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है।

इस मामले में मनपा कर्मचारी वसंत वलवी की शिकायत पर सेंट्रल पुलिस स्टेशन में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। उल्हासनगर और आसपास के इलाकों में सड़क के किनारे खुले स्थानों पर ऐसे बिना लाइसेंस वाले बैनर लगाए गए हैं। इसलिए, शहर विकृत होता जा रहा है। नागरिक इस अवैध बैनर के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। पुलिस इस मामले की आगे जांच कर रही है।

## शुक्रवार को 24 घंटे बंद रहेगी जलापूर्ति

**जांभुल जल शोधन केंद्र पर मरम्मत कार्य जारी**



**अंबरनाथ.** ठाणे जिले के अधिकांश शहरों को जलापूर्ति करने वाली महाराष्ट्र औद्योगिक विकास महामंडल की जांभूल जल शुद्धिकरण केंद्र और बारवी ग्रेविटी चैनल पर गुरुवार मध्य रात्रि से रखरखाव और मरम्मत का काम शुरू किया जाएगा। इसलिए गुरुवार मध्य रात्रि से शुक्रवार मध्य रात्रि तक 24 घंटे के लिए जलापूर्ति बंद रहेगी। इस दौरान अंबरनाथ, उल्हासनगर, कल्याण और डोंबिवली समेत औद्योगिक क्षेत्रों में पानी की आपूर्ति बंद रहेगी।

ठाणे जिले के अधिकांश शहरों को महाराष्ट्र औद्योगिक विकास निगम के बारवी बांध से पानी की आपूर्ति की जाती है। शहरी बस्तियों को पानी उपलब्ध कराने के साथ-साथ बारवी बांध से औद्योगिक बस्तियों को भी पानी की आपूर्ति की जाती है। बारवी बांध से छोड़ा गया पानी गुरुत्वाकर्षण द्वारा उल्हास नदी तक पहुंचता है। यह पानी उल्हास नदी पर बने आपटी बांध से एकत्र किया जाता है और अंबरनाथ शहर के पास जाम्भुल जल शोधन केंद्र में संसाधित किया जाता है।

## चार दुकानों में सेंधमारी

**कल्याण.** सूचक नाका इलाके में वाहनों से व्यस्त रहने वाले क्षेत्र पुना लिंक रोड पर अज्ञात चोरों ने शटर उठाकर चार दुकानों में सेंध लगा दी. कल्याण पूर्व सूचक नाका इलाके में मॉडर्न होम्स के आसपास की दुकानों में मंगलवार की रात अज्ञात चोरों द्वारा दुकानों के शटर तोड़ने की घटना घटी. अज्ञात चोरों ने जिन चार दुकानों के शटर तोड़े, वे सभी मार्बल की दुकानें थीं. देर रात करीब साढ़े तीन बजे अज्ञात चोरों ने इन चारों दुकानों का शटर तोड़ दिया और दुकानों से नकदी, लैपटॉप आदि लाखों का सामान चोरी कर लिया.

## अदिवासियों ने अंबरनाथ नपा पर मोर्चा निकाला

- जमीन पर अतिक्रमण की शिकायत
- कार्रवाई नहीं हुई तो नपा के समक्ष अनशन की चेतावनी

⏭ यूसुफ शेख



**अंबरनाथ.** अंबरनाथ नगरपरिषद् की हद में कई सैकडों अदिवासी, वाड़ी, बस्ती के अदिवासी मूलभूत सुविधा से वंचित हैं. सैकड़ों संतप्त अदिवासियों कातकरी समाज के पुरुष एवं महिलाओं ने अपनी मांगों को लेकर नपा कार्यालय पर मंगलवार को मोर्चा निकाला और प्रशासन से न्याय मिलने की गुहार की.

आदिवासियों के गांव खेड़ों में रास्ते-पानी एवं शौचालय ऐसी मूलभूत सुविधाएँ तो उन्हें नहीं मिल रही हैं। उनकी ज़मीनों पर भी अतिक्रमण हो रहा है. ऐसा गंभीर आरोप आदिम कातकरी समाज के ठाणे जिला सचिव सुनिल वाघ ने लगाया है.

समाज के नेताओं ने उप मुख्याधिकारी उमेश राऊत से भेंट करने उन्हें निवेदन दिया. राऊत ने कहा है कि जल्द ही अदिवासी समाज की समस्या को हल करन का प्रयास नगरपरिषद् करेगी. अगर 15 दिनों के भीतर आदिवासियों की भूमि पर किये गये अतिक्रमण नहीं हटाये गये, तो नपा कार्यालय के समक्ष उपोषण करने का इशारा समाज द्वारा दिया है. एक अदिवासी महिला ने पत्रकारों को बताया से उनके घर तक जाने को रास्ता नहीं है. पहाड़ी पर रहने वाले अदिवासियों के घर में कोई बिमार पड जाता है तो आज भी चार लोग डोली में से कर उसे पहाड़ी से नीचे उतारते हैं. ऐसी कई समस्याओं को लेकर आदिवासियों ने नपा पर मंगलवार को मोर्चा निकाला था।

## 17 वर्षीय लड़की से दुष्कर्म के आरोप में छात्र गिरफ्तार

**बदलापुर.** एक 17 वर्षीय नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म किए जाने का मामला सामने आया है. स्थानीय पुलिस ने इस मामले में एक 19 वर्षीय कॉलेज के छात्र को गिरफ्तार किया है. पुलिस के एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी. पुलिस के अनुसार, यह घटना 28 जनवरी को बदलापुर क्षेत्र में हुई. बदलापुर (पश्चिम) पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि आरोपी किशोरी को बारवी डैम के पास स्थित एक फार्महाउस ले गया, जहां उसने कथित रूप से दुष्कर्म किया.

## सफाई कर्मचारियों की भरती करे अंबरनाथ नपा -प्रदीप पाटिल

**सफाई कर्मचारियों की कमी के कारण शहर में कचरा बढ़ रहा**



- पाटील ने उपमुख्याधिकारी से भेंट की

⏭ उल्हास विकास संवाददाता

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ नगरपरिषद ने सफाई कर्मचारियों की भरती जल्दी करे क्योंकि शहर की स्वच्छता के लिए केवल 300 कर्मचारी रह गए हैं. शहर में सफाई का कार्य ठीक ढंग से ना होने के कारण शहर में जगह-जगह कचरा दिखाई दे रहा है. सफाई कर्मचारियों की भरती की जाए.

इस मांग को लेकर अंबरनाथ ब्लॉक कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष प्रदीप पाटिल ने उप मुख्य अधिकारी से भेंट की. उनके साथ उनके कई नेता उपस्थित थे. प्रदीप पाटिल ने उप मुख्याधिकारी को बताया कि जब अंबरनाथ नपा में 31 नगरसेवक थे, उस समय 720 सफाई कर्मचारी थे और आज 60 नगरसेवकों की नपा होने के बावजूद कर्मचारी कम हो गए हैं.

उन्होंने कहा कि अनुकंपा आधार पर कर्मचारियों की भरती करने का निर्णय शासन द्वारा हो चुका है. फिर भी नपा प्रशासन स्वच्छता कर्मचारियों की भरती नहीं कर रही है. शेष स्वच्छता कर्मचारियों को तहसील कार्यालय में व अन्य नपा के विभाग में कार्य के लिए रखा गया है.

हर वार्ड में तीन से चार कर्मचारी ही कचरा साफ करते देखे जा रहे हैं जो कि पूर्व वार्ड की सफाई नहीं कर पाते. कम से कम 200 कर्मचारियों की भरती जल्द नहीं की गई तो उन्होंने आंदोलन करने का इशारा दिया है. उप मुख्याधिकारी से भेंट के समय प्रदीप पाटिल के साथ पूर्व नगरसेवक उमेश पाटिल, आत्माराम तांबे, चरण रसाल, पंकज पाटिल, सुधीर जाधव, मनोज देवले आदि उपस्थित थे.

## धोखाधड़ी मामले में टोकरे और चंचे गिरफ्तार

- 10 आदिवासियों की भूमि
- 74 लाख 50 हजार की धोखाधड़ी



**बदलापुर.** रायगढ़ जिला परिषद के पूर्व अध्यक्ष व शिवसेना के सुरेश टोकरे और नेरल के पूर्व सरपंच भगवान चांचे, जो एनसीपी अजीत पवार गुट के नेता हैं, इनको आदिवासियों से आर्थिक धोखाधड़ी करने के आरोप में बदलापुर ग्रामीण पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए जाने से हलचल मच गई है। बदलापुर ग्रामीण पुलिस ने बदलापुर से गुजरने वाले बड़ौदा जेएनपीटी राजमार्ग के भूमि अधिग्रहण में आदिवासियों से धोखाधड़ी करने के मामले में यह गिरफ्तारी की है। आरोपियों ने इस राजमार्ग के भूमि अधिग्रहण में 10 आदिवासी भूमि मालिकों के बैंक खातों में आए 74 लाख 50 हजार रुपये को अपने और अन्य खातों में डायवर्ट कर लिया। इसी के चलते बदलापुर ग्रामीण पुलिस ने यह गिरफ्तारी की है।

## टिटवाला में अवैध चालियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई

- लगातार तीन दिनों तक चलेगा बुलडोजर
- पानी की मेन पाइपलाइन काटी गई



**कल्याण.** टिटवाला में बल्यानी हिल अवैध निर्माण का अड्डा माना जाता था। इस क्षेत्र में बिल्डरों ने सरकारी, वन विभाग और महानगर पालिका की आरक्षित भूमि पर अवैध रूप से झोपड़ियां बना ली हैं। वार्ड ए के नवनियुक्त सहायक आयुक्त प्रमोद पाटिल ने इस क्षेत्र में सभी नवनिर्मित अवैध चालों को ध्वस्त करने के लिए तीन दिवसीय अभियान शुरू किया है।

इन अवैध झुग्गियों को ध्वस्त करने से पहले मुख्य पाइपलाइन से इन अवैध झुग्गियों को मिलने वाली पानी की आपूर्ति काट दी जा रही है। अवैध मकानों को ध्वस्त करते समय मनपा के प्लम्बरों को भी साथ रखा गया है। पिछले दस वर्षों में बलियानी पहाड़ी क्षेत्र में बिल्डरों द्वारा पांच हजार से अधिक अवैध चालियां बना ली गई हैं। इसमें कुछ स्थानीय नागरिकों और कुछ राजनीतिक समूहों की संलिप्तता की शिकायतें हैं।

बल्यानी पहाड़ी पर सभी नवनिर्मित अवैध चालियों को मंगलवार से गुरुवार तक तीन दिनों में ध्वस्त कर दिया जाएगा। सहायक आयुक्त प्रमोद पाटिल ने कहा कि इस बात का ध्यान रखा जाएगा कि इस क्षेत्र में कोई नया अवैध निर्माण न हो।

कार्यभार संभालने के बाद से सहायक आयुक्त पाटिल ने आयुक्त, अतिरिक्त आयुक्त और उपायुक्त के आदेश पर टिटवाला, मांडा और बाल्यानी टेकड़ी क्षेत्रों में अवैध निर्माणों के खिलाफ जोरदार ध्वस्तीकरण अभियान चलाया है। नागरिक इस कार्रवाई पर संतोष व्यक्त कर रहे हैं।

## अपराधियों को कानून का डर होना जरूरी : एड. सुधा जोशी

- बदलापुर में मूक नायक दिवस कार्यक्रम का आयोजन




**बदलापुर.** अक्सर अपराध की खबरों को दिखाते हुए उनका महिमामंडन किया जाता है। इसकी बजाय अगर मीडिया दिखाए कि केस कैसे चलाया गया, सबूत कैसे पेश किए गए और अपराधी को कितनी सजा मिली, तो अपराधियों में कानून का डर पैदा होगा। उक्त विचार एड. सुधा जोशी ने व्यक्त किया। उन्होंने यह विचार बदलापुर प्रेस क्लब और आदर्श कला, वाणिज्य एवं विज्ञान महाविद्यालय द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित मूक नायक दिवस कार्यक्रम के तहत 'महिला अधिकार एवं कानून' विषय पर व्याख्यान देते हुए व्यक्त किए। उन्होंने आगे कहा कि पत्रकार लोकतंत्र के चौथे स्तंभ हैं। वे विभिन्न विषयों पर जागरूकता बढ़ाते हैं। पहले अशिक्षित लोग समाचार पत्र नहीं पढ़ते थे। लेकिन अब ऐसे लोग भी समाचार चैनलों और मोबाइल फोन पर समाचार देखते हैं। इसलिए समाचार पूर्ण एवं शुद्ध होना चाहिए।

पोक्सो जैसे कानूनों के तहत दर्ज मामलों पर रिपोर्टिंग करते समय, समाचार पत्रों और अन्य मीडिया संगठनों को पीड़ित के नाम और घटनास्थल के संबंध में गोपनीयता बनाए रखना आवश्यक है। सुधा जोशी ने समाचार पत्रों और मीडिया संस्थानों से कानून के दायरे में रहकर काम करने की अपील की। हमारे देश में सबसे अच्छे कानून हैं। जोशी ने कहा कि महिलाओं को जन्म से ही विभिन्न कानूनों के तहत संरक्षण प्राप्त है। उन्होंने अपील की कि यदि किसी मामले में उनके साथ अन्याय होता है तो महिलाओं को न्याय पाने के लिए निश्चित रूप से इस कानून का उपयोग करना चाहिए।

अधिवक्ता आकाश वाघोले ने भी अपनी अनूठी शैली में महिलाओं के लिए विभिन्न कानूनों की जानकारी दी। तहसीलदार अमित पुरी ने प्रेस क्लब की मूकनायक दिवस पहल की सराहना की और शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर पूर्व महापौर राम पाटकर, पूर्व नगरसेवक संभाजी शिंदे, प्रेस क्लब ऑफ बदलापुर के अध्यक्ष विजय पंचमुख, सचिव संजय सालुंके, कोषाध्यक्ष सागर नारेकर सहित संतोष जाधव, संकेत सबनीस, रवींद्र थोरात, सागर कदम, स्वप्निल पाटिल, संजय राजगुरु, महेश मोरे, दर्शन सोनवणे, तन्मय सोहनी, तन्मय तांबे आदि पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित थे। इसी तरह अंबरनाथ तालुका के कई पत्रकार उपस्थित थे जिनमें पंकज पाटिल, गणेश गायकवाड़, इविट्स लोबो, कैलास जाधव, अनिकेत सोनवणे, अरुण थोम्ब्रे, समाजभूषण तात्यासाहेब सोनवणे आदि शामिल थे। कार्यक्रम का संचालन बदलापुर प्रेस क्लब के उपाध्यक्ष प्रशांत मोरे ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन मोहिनी जाधव ने किया।

### सोशल मीडिया पोस्ट को वायरल करने से पहले तथ्यों की जांच करें: कौस्तुभ शेजवलकर

वर्तमान में प्रभावशाली माध्यम सोशल मीडिया पर कई पोस्ट वायरल हो रहे हैं। प्राय: पोस्ट की प्रामाणिकता की जांच किए बिना ही उसे अग्रेषित कर दिया जाता है। हालाँकि, यदि पोस्ट फर्जी है, तो इसके परिणाम भी हो सकते हैं। इसलिए, पोस्ट को सीधे फॉरवर्ड करने के बजाय, इसकी प्रामाणिकता की जांच करनी चाहिए और यह सुनिश्चित करने के बाद ही इसे फॉरवर्ड करना चाहिए, उक्त सलाह मीडिया विशेषज्ञ कौस्तुभ शेजवलकर ने दी। फर्जी समाचार और तथ्य जांच विषय पर व्याख्यान देते हुए उन्होंने बताया कि फर्जी समाचार क्या है, इसकी प्रामाणिकता की जांच कैसे की जाए तथा इसकी जांच के लिए कौन सी साइट पर जाया जा सकता है। उन्होंने इस संबंध में उपस्थित लोगों के प्रश्नों के उत्तर भी दिए।

## बीकानेर दुकान की मिठाई में निकला कीड़ा

- महात्मा फुले पुलिस स्टेशन में शिकायत




**कल्याण.** कल्याण शहर में एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है। जहां मिठाई की दुकान से खरीदी गई मिठाई में कीड़े मिलने से हड़कंप मच गया है। संबंधित ग्राहक ने इस मामले में महात्मा फुले पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग को इसकी सूचना दे दी है और आगे की जांच शुरू कर दी है। कल्याण पश्चिम क्षेत्र की निवासी सुनीता भगत ने कल्याण यशवंतराव चव्हाण खेल मैदान के पास बीकानेर की एक दुकान से मिठाई खरीदी थी। जब उन्होंने घर जाकर मिठाई खोली तो वे हैरान रह गए। मिठाई में कीड़े मिले। भगत ने दुकानदार से इस मामले के बारे में पूछताछ की और फिर तुरंत महात्मा फुले पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने तुरंत खाद्य एवं औषधि प्रशासन (एफडीए) को सूचित किया। प्रशासन ने मामले की जांच शुरू कर दी है। नागरिकों की नजर इस बात पर है कि संबंधित मिठाई दुकान के खिलाफ कार्रवाई होगी या नहीं।

जैसे पके हुए फलों को गिरने के सिवा कोई भय नहीं वैसे ही पैदा हुए मनुष्य को मृत्यु के सिवा कोई भय नहीं. – वाल्मीकि

उल्हास विकास संपादकीय

## संघीय मूल्यों का टकराव

भाषा और जातीय अस्मिता के संरक्षण का सवाल कई बार राज्यों की राजनीति में संघीय व्यवस्था के मूल्यों से टकराने लगता है। भाषाई पहचान के आधार पर कुछ राज्यों में स्थानीय बनाम बाहरी का संघर्ष गहरे घाव छोड़ चुका है। पर अपनी भाषा की सुरक्षा, संरक्षा और संवर्धन का सरकारी दायित्व अपनी जगह बना रहता है। महाराष्ट्र सरकार का ताजा फैसला उसी दायित्व के तहत लिया गया है। महाराष्ट्र सरकार ने आदेश जारी किया है कि वहां के सभी सरकारी और अर्धसरकारी दफ्तरों में अधिकारियों को मराठी भाषा में बात करना अनिवार्य है। अगर कोई व्यक्ति इसका उल्लंघन करता पाया जाता है, तो उसके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

दरअसल, पिछले वर्ष स्वीकृत मराठी भाषा नीति में भाषा के संरक्षण, संवर्धन, प्रसार और विकास के लिए उठाए गए कदमों को आगे बढ़ाने के लिए सभी सार्वजनिक मामलों में मराठी के उपयोग की सिफारिश की गई थी। इसकी चिंता समझी जा सकती है। आज जिस तेजी से दुनिया सिकुड़ रही है, वैश्विक बाजार में भाषाई वर्चस्व महत्त्वपूर्ण हो गया है, उसमें बहुत सारी भाषाओं और बोलियों पर संकट गहरा गया है। हर वर्ष कई भाषाएं और बोलियां लुप्त हो जाती हैं। इस दृष्टि से राज्य सरकार की मराठी को लेकर चिंता उचित है।

मगर, संघीय व्यवस्था में ऐसे फैसले कई बार मुश्किलें खड़ी कर देते हैं। इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि अधिकारियों की स्थानीय लोगों से निकटता उनकी भाषा के माध्यम से ही बढ़ सकती है। अक्सर बड़े अधिकारी अंग्रेजी में संवाद और कामकाज करना पसंद करते हैं, इसलिए स्थानीय लोगों को परेशानी होती है। ऐसे में महाराष्ट्र सरकार का फैसला कुछ हद तक ठीक कहा जा सकता है। पर जरूरी नहीं कि हर सरकारी दफ्तर में अधिकारियों को केवल मराठीभाषी लोगों से कामकाजी संपर्क बनता हो। बहुत सारे लोग ऐसे भी हो सकते हैं, जो मराठी बोलना नहीं जानते। यही बात ऐसे अधिकारियों पर भी लागू हो सकती है, जो मराठी नहीं जानते, पर महाराष्ट्र के सरकारी दफ्तरों में काम करते हैं। मराठी में बात करने की अनिवार्यता से दफ्तरों के कामकाज और अधिकारियों के मनोबल पर प्रतिकूल प्रभाव भी छोड़ सकती है।

# संतुलन साधने में सफल रही सरकार, जीडीपी को गति देगा बजट

वित्त मंत्री ने एक फरवरी को जो बजट पेश किया, उसे विकसित भारत की संकल्पना साकार करने की दिशा में एक सार्थक पहल की संज्ञा दी जा सकती है। वित्त मंत्री ने आर्थिक सुस्ती को भांपते हुए उपभोग को बढ़ावा देने का दांव चला है। भू-राजनीतिक अनिश्चितताएं भी सरकार के संज्ञान में हैं। ऐसी परिस्थितियों में वित्त मंत्री ने वृहद आर्थिक स्थायित्व, निवेश और उपभोग को प्रोत्साहन देने का असंभव सा काम संभव किया है।

राजकोषीय अनुशासन के मोर्चे पर सरकार वित्तीय घाटे को नियंत्रित रखने में सफल रही है। सरकार की सकल उधारी 14.83 लाख करोड़ रुपये रही, जिसमें गत वर्ष की तुलना में केवल 5.6 प्रतिशत बढ़ोतरी हुई। नामिनल जीडीपी में 10.1 प्रतिशत की वृद्धि के आसार हैं। यह परिदृश्य राजस्व एवं व्यय अनुमान को लेकर भरोसा बढ़ाता है। यह रिजर्व बैंक को भी सकारात्मक संकेत देता है।

पिछले कुछ समय से अपना निवेश बढ़ा रही सरकार ने बजट के जरिये अब निजी क्षेत्र को निवेश बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया है। इन्फ्रास्ट्रक्चर में निजी क्षेत्र की सहभागिता से पूंजीगत निवेश में बढ़ोतरी होगी। खपत बढ़ाने पर भी सरकार का पूरा जोर है। मध्य वर्ग को सरकार की ओर से करीब एक लाख करोड़ रुपये की टैक्स छूट मिलने जा रही है। अर्थशास्त्रियों का मानना है कि इसमें से 80 प्रतिशत राशि से लोग खरीदारी करेंगे तो 20 प्रतिशत बचाएंगे।

बजट प्रस्तावों को तीन नजरियों से देखा जा सकता है-तात्कालिक,





मध्यम अवधि और दीर्घकालिक। तात्कालिक नजरिये से बजट जीडीपी को गति देगा, मध्यम अवधि में यह निरंतर तेज जीडीपी को सहारा देगा और दीर्घ अवधि में समृद्धि की आधारशिला रखेगा। बजट में कृषि, विनिर्माण और सेवा जैसे अर्थव्यवस्था के प्रत्येक स्तंभ पर ध्यान दिया गया है।

यह ग्रामीण एवं शहरी जनता के लिए समान रूप से कल्याणकारी और समाज के सभी वर्गों का उत्थान करने वाला है। इसमें बिजली, खनन, शहरी विकास, वित्तीय क्षेत्र, जीवन एवं कारोबारी सुगमता, कपड़ा उद्योग और सामुद्रिक उत्पादों के स्तर पर बड़े सुधारों का सूत्रपात हुआ है। पर्यटन उद्योग विशेषकर स्वास्थ्य पर्यटन को ध्यान में रखते हुए 50 क्षेत्रों को चिह्नित किया गया है। कृषि के साथ-साथ ये सभी क्षेत्र व्यापक स्तर पर रोजगार सृजन में सहायक होंगे।

कृषि को उचित रूप से प्राथमिकता में रखते हुए वित्त मंत्री ने कृषि की वृद्धि के साथ ही उपज उत्पादकता एवं किसानों की आमदनी में बढ़ोतरी पर ध्यान केंद्रित किया है। दलहन में तुअर, उड़द और मसूर के लिए राष्ट्रीय मिशन के माध्यम से आत्मनिर्भरता की योजना है। विभिन्न फसलों के लिए व्यापक उत्पादन वाले बीज विकसित करने की तैयारी है। फसलों को जलवायु परिवर्तन की तपिश से बचाने के लिए योजना भी केंद्र में है। कपास उत्पादन में भी नवाचार की पहल हुई है। कम उत्पादकता वाले सौ जिलों में धन धान्य कृषि योजना करीब 1.7 करोड़ किसानों को फायदा पहुंचाएगी। इसके लिए इन जिलों में कृषि एकीकृत विकास योजना अमल में लाई जाएगी।

नेशनल मैन्यूफैक्चरिंग मिशन से सूक्ष्म, छोटे एवं लघु उद्यमों यानी एमएसएमई को बड़ा सहारा मिलेगा। इस कड़ी में छोटे उद्यमियों के लिए क्रेडिट गारंटी बढ़ाई गई है। एमएसएमई को 27 क्षेत्रों में एक प्रतिशत गारंटी फीस पर ऋण मिलेगा। स्टार्टअप के लिए पांच लाख तक के विशेष क्रेडिट कार्ड की व्यवस्था की गई है। फुटवियर और खिलौना उद्योग के लिए प्रोत्साहन से इन कदमों को और सहारा मिलेगा। राष्ट्रीय निर्यात मिशन से भी निर्यात को गति मिलेगी।

इससे एमएमई और एमएसएमई को लाभ मिलेगा। ये क्षेत्र रोजगार देने में भी अव्वल हैं। छोटे शहरों में ग्लोबल कैपिबिलिटी सेंटर्स यानी जीसीसी बनाने से भी इन शहरों का विकास होने के साथ ही रोजगार भी सृजन होगा। अपने शहर में ही रोजगार मिलने से ही यहां के पेशेवरों के समक्ष बड़े शहरों में पलायन की विवशता नहीं रह जाएगी। प्रत्यक्ष विदेशी निवेश यानी एफडीआइ बढ़ाने के लिए भी सरकार ने कई कदम उठाए हैं।



# हताशा के डर से बढ़ रहे हमले

जम्मू-कश्मीर में अक्सर ऐसा लगता है कि आतंकवादियों के खिलाफ गहन अभियान से धीरे-धीरे उनकी गतिविधियां खत्म हो जाएंगी। मगर आए दिन मुठभेड़ों में आतंकवादियों के मारे जाने की घटनाएं जहां यह बताती हैं कि सुरक्षा बलों की ओर से सख्ती और चौकसी बढ़ी है, वहीं इससे यह भी पता चलता है कि आज भी आतंकी संगठनों की उपस्थिति बनी हुई है और वे अपना आतंक कायम रखने के लिए किसी की हत्या कर देते हैं। हालांकि कई बार उनके हमलों से यह भी साफ होता है कि वे स्थानीय समुदायों को या तो डरा कर रखना चाहते हैं या फिर अपना साथ न देने पर प्रकारांतर से उनसे बदला लेने की कोशिश करते हैं।

इसी क्रम में सोमवार को कुलगाम के बेहीबाग इलाके में आतंकवादियों ने एक सेवानिवृत्त फौजी लांस नायक के परिवार पर हमला कर दिया। इसमें पूर्व फौजी की मौत हो गई, जबकि उनकी पत्नी और बेटी घायल हो गईं। इसके बाद सुरक्षा बलों ने आतंकियों की तलाशी का अभियान शुरू किया। विडंबना है कि हर समय चौकसी के बीच भी कई बार आतंकी हमला कर दे रहे हैं।

जाहिर है, यह आतंकवादियों की ऐसी रणनीति है, जिसका सामना करने और उन पर काबू पाने के लिए भी सख्त उपाय करने होंगे। हाल के वर्षों में वहां आतंकी हमलों की प्रकृति में जिस तरह के बदलाव देखने को मिले हैं, उससे साफ है कि उनके बीच हताशा बढ़ रही है और इसी वजह से उनके हमलों में अब बेलगाम हिंसक प्रतिक्रिया ज्यादा दिख रही है।

ताजा हमले के समांतर ही हर कुछ



समय के बाद रोजी-रोटी की उम्मीद में वहां जाने वाले मजदूरों या बाहरी लोगों की लक्षित हत्या करने की घटनाएं यह बताती हैं कि महज खौफ पैदा करना आतंकी संगठनों की सीमा रह गई है। घात लगा कर सैन्य शिविरों पर हमले करने की घटनाओं के जरिए वे अपने को एक मजबूत पक्ष के रूप में दर्शाना चाहते हैं, लेकिन हकीकत यह है कि उनकी गतिविधियां ऐसी भूख को दर्शाती है, जो आखिर में अपनों को भी उसकी आग में खाक करती है।

पिछले कुछ समय में जम्मू-कश्मीर की सीमा में घुसपैठ के मोर्चों पर सुरक्षा बलों ने लगातार बंदिश लगाई है, आतंकियों को रोका है या फिर मुठभेड़ों में मार गिराया है। पाकिस्तानी शह पर और वहां स्थित ठिकानों से अपनी गतिविधियां संचालित करने वाले आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद और लश्कर-ए-तैयबा के स्थानीय संजाल को भारतीय सेना ने सख्ती से निष्क्रिय कर दिया था।

निश्चित रूप से यह सुरक्षा बलों को मिल रही कामयाबी है, जिसमें आतंकी संगठनों के सामने पहले की तरह खुला खेलने की स्थिति नहीं बची है। मगर हाल के कुछ आतंकी हमलों से ऐसा लगता है कि एक बार फिर से वे आतंकी संगठन अपना सिर उठा रहे हैं। हालांकि अब स्थानीय आबादी के बीच से आतंकियों को समर्थन मिलना कम हो रहा है।

बड़ी तादाद में ऐसे लोग हैं, जो देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था में अपना जीवन शांतिपूर्ण तरीके से गुजारना चाहते हैं। हाल में जम्मू-कश्मीर में हुए चुनावों के नतीजे यह बताने के लिए काफी हैं कि वहां लोगों के बीच किस तरह के भविष्य की भूख है। ऐसे में आतंकी संगठनों के भीतर हताशा का भाव पैदा होना स्वाभाविक है। अफसोस की बात है कि इसकी कीमत साधारण लोगों को अपनी जान देकर चुकानी पड़ रही है।

# गूगल मैप से लोकेशन निकाल बनाते मंदिर को निशाना

पाली शहर में हाल ही में एक मामला सामने आया, जिसमें कुछ चोर इस अपडेट तकनीक के माध्यम से

**जरा हट के**

गूगल मैप के जरिए मंदिरो की लोकेशन निकालकर दिन में रैकी करते और फिर रात में जैसे ही उनको मौका मिलता, वहां चोरी और डकैती की वारदात को अंजाम दे देते. यही नहीं, यह चोर पाली ही नहीं, बल्कि गूगल मैप के जरिए कई जिलों के 40 से अधिक मंदिरों को अपना निशाना बना चुके हैं. इस तरह की चोरी के खुलासे के बाद पाली ही नहीं, बल्कि राजस्थान में हर कोई इस नई तकनीक के इस्तेमाल से चोरी की वारदात करने जैसी घटना से हैरत में है.

गूगल मैप के जरिए मंदिरों की लोकेशन निकालकर दिन में रैकी करना, फिर रात होते ही चोरी-डकैती की वारदात को अंजाम देना. हर बार गैंग में नए लड़कों को भर्ती करके वारदात करना, जिससे पुलिस की गिरफ्त से बचा जा सके. यह चौंकाने



वाला खुलासा पुलिस की जांच में सामने आया है.

गौरतलब है कि पाली, जालोर और सिरोही जिलों में 40 से ज्यादा मंदिरों में चोरी करने वाली गैंग के सदस्यों ने कुछ दिन पहले पाली के रानी थाना क्षेत्र में वारदात की और मंदिर के पुजारी को भी बेरहमी से पीटा. इसके बाद अलर्ट हुई पुलिस ने 100 से ज्यादा सीसीटीवी खंगालकर गैंग के 5 बदमाशों को गिरफ्तार किया है. हालांकि मुख्य आरोपी अभी भी फरार है.

पुलिस ने घटना को लेकर 100 से ज्यादा पॉइंट पर सीसीटीवी फुटेज खंगाला, जिसमें वारदात वाली रात को मंदिर परिसर में लगा सीसीटीवी फुटेज भी शामिल है. फुटेज में नजर आया था कि एक आरोपी के पैर में चोट लगी हुई है. सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी के आधार पर आरोपियों की पहचान कर उन्हें अलग-अलग जगह से पकड़ा. इसकी भनक लगने पर मुख्य आरोपी भेराराम फरार हो गया. डकैती के दौरान प्रलोभन देकर हर बार नए लड़कों को शामिल करने की जानकारी भी सामने आई है.

# दिल की सेहत बनाएं रखेंगी ये 5 इंडोर एक्सरसाइज

**रोज 10 मिनट करने से कम होगा अटैक का खतरा**

गलत खानपान, रहन सहन और बढ़ता तनाव हमारे लाइफस्टाइल का एक अहम हिस्सा बन गए हैं। ऐसे में अगर आपको अपने दिल की सेहत को दुरुस्त रखना है तो सही खानपान के साथ किसी तरह के फिजिकल वर्कआउट को भी अपने रूटीन का हिस्सा बनाना पड़ेगा। अगर आपके पास जिम, पार्क या कहीं बाहर जाने का समय नहीं है तो घर बैठे भी कुछ इंडोर एक्सरसाइज कर के आप अपने हार्ट को हेल्दी रख सकते हैं। यहां हम आपको ऐसी ही कुछ ऐसी ही आसान एक्सरसाइज के बारे में बता रहे हैं।



### ■ रस्सी कूदने को बनाएं अपने रूटीन का हिस्सा

रोप जंपिंग जिसे रस्सी कूदना भी कहते हैं, आपके शरीर के लिए बहुत ही फायदेमंद वर्कआउट साबित हो सकती है। इसके लिए आपको रस्सी के अलावा किसी और इक्विपमेंट की जरूरत भी नहीं पड़ती और इसे करना बोरियत भरा भी नहीं होता। रोजाना दस से पंद्रह मिनट रस्सी कूदने से आपके दिल की सेहत दुरुस्त रहती है। रस्सी कूदने से हार्ट रेट तेजी से बढ़ता है और ब्लड फ्लो भी इंक्रीज होता है। कुल मिलाकर आपके हार्ट ही नहीं बल्कि आपकी ओवरऑल फिटनेस के लिए यह एकदम परफेक्ट एक्सरसाइज है।

### ■ सीढ़ियां चढ़ना-उतरना

ज्यादा कुछ करने का मन नहीं है तो बस अपने घर की सीढ़िया चढ़ना-उतरना शुरू कर दें। इसके आपको किसी भी तरह के टूल या इक्विपमेंट की जरूरत भी नहीं। रोज दस मिनट भी अगर आप यह मजेदार एक्टिविटी करते हैं तो आपकी हार्ट हेल्थ बनी रहती है। ऐसा करने से हार्ट रेट तेजी से इंक्रीज होता है, एंड्यूरेंस बढ़ता है और लेग मसल्स भी मजबूत होती हैं। ओवरऑल फिटनेस के लिए भी यह आसान सी एक्टिविटी बहुत ही फायदेमंद साबित होती है।

### ■ हाई नीज भी है एक परफेक्ट एक्सरसाइज

दिल की सेहत को दुरुस्त रखने के लिए आप घर पर ही हाई नीज एक्सरसाइज प्रैक्टिस कर सकते हैं। इसके लिए आपको सीधे खड़े हो कर अपने एक घुटने को जितना ऊपर हो सके उतना ऊपर उठाना होता है। ऐसा बारी-बारी दोनों घुटनों के साथ करें। लगभग एक मिनट का एक सेट बनाएं और लगभग आठ से दस सेट रोजाना करें। आप चाहें तो दिन में चार-चार सेट के दो हिस्से बना सकते हैं। ऐसा करने से आप आसानी से इसे अपने रूटीन में शामिल कर पाएंगे।

### ■ डांस पर मारें चांस

एक्सरसाइज करना कभी-कभी बहुत बोरिंग लग सकता है। ऐसे में जब कुछ भी करने का मन ना हो तो रूम बंद करें, तेज म्यूजिक चलाएं और खूब जमकर डांस करें। आधे घंटे का डांसिंग सेशन आपकी हार्ट हेल्थ से ले कर ओवरऑल बॉडी फिटनेस के लिए काफी फायदेमंद साबित हो सकता है। आप चाहें तो ऑनलाइन जुंबा क्लासेज भी ज्वॉइन कर सकते हैं। ये वेट लॉस के लिए भी काफी इफेक्टिव होता है।

### ■ जंपिंग जैक

यह मजेदार एक्सरसाइज तो आपने स्कूल में पीटी के दौरान जरूर की ही होगी। कमाल की बात है कि ये आसान से एक्सरसाइज आपकी हार्ट हेल्थ के लिए भी बहुत फायदेमंद हो सकती है। इसके लिए भी आपको ना बाहर जाने की जरूरत है ना ही किसी सामान की। बस हाथ ऊपर करें और कूदना शुरू कर दें। 30-30 सेकंड के सेट बनाएं और रोजाना लगभग पांच से सात सेट करने की कोशिश करें। ओवरऑल फिटनेस और मोटापे से छुटकारा दिलाने के लिए भी ये एक परफेक्ट एक्सरसाइज है।

# मलाईदार लड्डू

खाना-खजाना

**आज हम आपके साथ सूजी के झटपट बनने वाले लड्डुओं की रेसिपी ले कर आए हैं। अगर आप कुकिंग में एक्सपर्ट नहीं भी है तब भी दूध और सूजी के ये लड्डू बड़ी ही आसानी से बना लेंगे। ये खाने में बहुत ही टेस्टी लगते हैं और हेल्दी भी हैं। तो चलिए ये इंस्टेंट सूजी लड्डू बनकर तैयार कीजिए।**

**सामग्री :**

सूजी के झटपट बनने वाले टेस्टी लड्डू बनाने के लिए आपको जिन सामिग्रियों की जरूरत होगी वो हैं - सूजी (दो कप), दूध (डेढ़ कप), देसी घी ( तीन से चार चम्मच), अपने मनपसंद ड्राई फ्रूट्स जैसे काजू, किशमिश, पिस्ता, बादाम ( सभी बारीक कटे हुए), चिरौंजी, चीनी (एक कप), इलायची (दो से तीन)।

**विधि :**

दूध और सूजी के दानेदार और मलाईदार लड्डू बनाने के लिए सबसे पहले आपकी सूजी को दूध में भिगोकर रख देना है। इसे फूलने के लिए लगभग 10 मिनट तक ऐसे ही छोड़ दें। अब गैस पर एक पैन या कढ़ाई गर्म होने के लिए रखें और इसमें सूजी और दूध वाला मिक्सचर एड कर दें। इसे धीमी आंच पर



लगभग तीन से चार मिनट के लिए पका लें। जब इसके अंदर का दूध हल्का सा सूखने लगे तो इसमें दो से तीन चम्मच देसी घी मिला दें। अब इसे लगभग पांच से सात मिनट के लिए चलाते हुए भून लें। जब सूजी दानेदार दिखने लगे तो गैस को बंद कर दें और इस मिक्सचर को ठंडा होने के लिए रख दें।

जबतक आपकी सूजी ठंडी हो रही है तबतक एक पैन में देसी घी गर्म कर लें। अब इसमें अपने मनपसंद ड्राई फ्रूट्स डालकर रोस्ट कर लें। जब ये हल्के से क्रंची हो जाएं और इनका रंग सुनहरा हो जाए तो इन्हें निकालकर रख लें। लड्डू में मीठा एड करने के लिए सबसे पहले एक मिक्सर लें और उसमें चीनी और दो से तीन इलायची डालकर फाइन पाउडर बना लें। जब सूजी पूरी तरह से ठंडी हो जाए तो उसमें भुने हुए ड्राई फ्रूट्स और चीनी का पाउडर मिलाएं। सभी चीजों को अच्छी तरह मिक्स करें। अब इस मिक्सचर से आप छोटे छोटे लड्डू बनाकर तैयार कर सकते हैं।

# क्या प्रेगनेंसी में अच्छा है संतरा?



**प्रेगनेंसी में महिलाओं को अपने खान-पान का खास ख्याल रखना चाहिए क्योंकि इससे बच्चे की सेहत पर असर होता है। इसलिए प्रेगनेंसी में महिलाओं को पोषक तत्वों से भरपूर फलों को खाने की की सलाह दी जाती है। वैसे तो इस दौरान कुछ फलों को खाने की मनाही होती है, हालांकि कुछ फल सेहत के लिए फायदेमंद हो सकते हैं। इन फलों में से एक है संतरा। प्रेगनेंसी में संतरा खाना बिल्कुल सेफ है और ये बहुत ज्यादा फायदेमंद भी है। संतरे में विटामिन ए, विटामिन बी, विटामिन सी, कैल्शियम, मैग्नीशियम, पोटैशियम और फॉस्फोरस जैसे कई पोषक तत्व पाए जाते हैं। इसके अलावा फल में पानी की अच्छी मात्रा होती है जो आपकी ओवरऑल हेल्थ और हाईड्रेशन के लिए बेस्ट है।**

### ■ संतरा खाने के फायदे

1) संतरे में फोलेट की अच्छी मात्रा होती है, जो प्रेगनेंसी महिलाओं में न्यूरल ट्यूब के विकास के लिए जरूरी है।
2) संतरा खाने से एनीमिया और दूसरे प्रजनन स्वास्थ्य समस्याओं के जोखिम को कम करने में मदद मिल सकती है।
3) प्रेगनेंसी में हाईड्रेशन बहुत जरूरी है। ऐसे में संतरा खाकर आप पानी की रोजाना कमी को पूरा कर सकते हैं।
4) संतरे में मौजूद कई पोषक तत्व भ्रूण की ग्रोथ के लिए अच्छे हैं। ये फल प्रेगनेंसी के दौरान दिमाग, हड्डियों और रीढ़ की हड्डी को पोषण दे सकता है।
5) संतरे खाने से ब्लडप्रेशर को बैलेंस रखने में मदद मिलती है, जो प्रेगनेंसी के दौरान मुश्किलों से बचने के लिए जरूरी है।
6) ज्यादातर महिलाओं को प्रेगनेंसी के दौरान खूब उल्टी और बेचैनी होती है। ऐसे में पोषक तत्वों की कमी हो सकती है। इसलिए इस दौरान खोए हुए इलेक्ट्रोलाइट्स को पूरा करने के लिए संतरा बेस्ट फ्रूट है।

### ■ एक दिन में कितना खाएं?

प्रेगनेंट महिलाओं को हर दिन कम से कम 85 मिलीग्राम विटामिन सी खाना चाहिए। संतरा स्वास्थ्य के लिए अच्छा होता है, लेकिन इसे ज्यादा खाने से एसिडिटी और सीने में जलन हो सकती है।

# खाली पेट अंडा खाने वाले हो जाएं सावधान

### ■ सेहत को हो सकते हैं ये नुकसान

सेहत के लिए अंडे के फायदों को देखते हुए लोग इसे अपनी डाइट में शामिल करना पसंद करते हैं। अंडा हाई क्वालिटी प्रोटीन का रिच सोर्स होने के साथ विटामिन ए, डी, ई, बी12, रिबोफ्लेविन, फोलेट, आयरन और सेलेनियम जैसे पोषक तत्वों से भी भरपूर होता है। अंडे का सेवन करने से सेहत को कई फायदे मिलते हैं। लेकिन अगर इन्हीं अंडों का सेवन गलत तरीके से किया जाए तो ये सेहत को फायदे की जगह नुकसान पहुंचाने लगते हैं। जी हां, कुछ लोग अकसर सुबह काम पर पहुंचने की जल्दी की वजह से ब्रेकफास्ट में खाली पेट अंडा खा लेते हैं। लेकिन आपको बता दें, ऐसा करना सेहत के लिहाज से सही नहीं माना जाता है। आयुर्वेद के अनुसार ऐसा करने से सेहत को ये 5 बड़े नुकसान हो सकते हैं।

### ■ पाचन तंत्र से जुड़ी समस्याएं

खाली पेट अंडा खाने से कुछ लोगों को पाचन तंत्र से जुड़ी समस्याएं जैसे पेट फूलना, गैस, पेट में मरोड़ पड़ना परेशान कर सकती हैं। यह समस्याएं उन लोगों में ज्यादा देखी जाती हैं, जिनका पाचन तंत्र पहले से ही कमजोर होता है।

### ■ एलर्जी

कुछ लोगों को अंडे से एलर्जी होती है। ऐसे



लोगों को गलती से भी खाली पेट अंडा नहीं खाना चाहिए। ऐसी गलती करने से उन्हें एक्जिमा, शरीर में सूजन,मतली, उल्टी या दस्त जैसी गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल समस्याएं होने के साथ सांस लेने में भी दिक्कत महसूस हो सकती है।

### ■ फूड पॉइजनिंग की समस्या

सुबह खाली पेट कच्चा या अधपका अंडा खाने से फूड पॉइजनिंग की समस्या भी देखी जा सकती है। दरअसल, ऐसा अंडा खाने से साल्मोनेला बैक्टीरिया का खतरा पैदा हो सकता है। यह बैक्टीरिया दस्त, बुखार और पेट में ऐंठन जैसे लक्षण पैदा कर सकता है।

### ■ कम करता है दवा का असर

अंडे में मौजूद प्रोटीन की अच्छी मात्रा कई बार कुछ खास एंटीबायोटिक्स के असर को कम करने का काम कर सकती है। ऐसे में किसी भी एंटीबायोटिक्स का सेवन करते समय डॉक्टर से पूछकर ही अंडे को डाइट में शामिल करें।

लेख में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

## आज का राशिफल

**मेष :** उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। सम्मान व कीर्ति में वृद्धि होगी। व्यापार में नए प्रस्तावों से लाभ मिलने के योग हैं। संपत्ति के कार्य लाभ देंगे। यात्रा व निवेश मनोनुकूल रहेंगे। कानूनी मामलों में लापरवाही न करें।

**वृषभ :** स्वादिष्ट भोजन का आनंद मिलेगा। प्रसन्नता रहेगी। पारिवारिक जिम्मेदारी का पूर्ण ध्यान रखें। रचनात्मक कार्यों का प्रतिफल प्राप्त होगा। व्यापार में उन्नति होगी। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। यात्रा मनोरंजक रहेगी। कानूनी विवादों का निपटारा होगा।

**मिथुन :** मकान व जमीन संबंधी कार्य बनेंगे। संतान पर अनावश्यक रोक न लगाएँ। धन लाभ होने की भी संभावना है। बुरी खबर मिल सकती है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। दौड़धूप अधिक होगी। दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं। सामाजिक कार्यों में सीमित रहें।

**कर्क :** प्रतिष्ठा बढ़ेगी। निवेश, यात्रा व नौकरी लाभ देंगे। अपने प्रयासों से उन्नति पथ प्रशस्त करेंगे। इच्छित काम पूर्ण हो सकेंगे। मेहनत का फल मिलेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। स्वास्थ्य की समस्या सुलझेगी। नौकरी में कार्य की प्रशंसा होगी।

**सिंह :** प्रसन्नता रहेगी। स्वाभिमान रहेगा। अतिथियों का आगमन होगा। उत्साहवर्धक सूचना मिलेगी। आय-व्यय में असंतुलन की स्थिति बन सकती है। प्रमाद न करें। बुद्धि चातुर्य से कठिन कार्य भी आसानी से बनेंगे। वैवाहिक अड़चनें समाप्त होंगी। विरोधी परास्त होंगे।

**कन्या :** भाग्योन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। भौतिक विकास के कार्यों को बल मिलेगा। फालतू खर्च होगा। भागीदारी के प्रस्ताव आएँगे। दिनचर्या नियमित रहेगी। यात्रा, निवेश व नौकरी मनोनुकूल रहेंगे। रिश्तेदारों से भेंट हो सकेगी। दूसरों की आलोचना, निंदा से दूर रहें।

**तुला :** नई योजनाओं का सूत्रपात होगा। आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी। व्यावसायिक समस्याओं का हल आपके माध्यम से हो सकेगा। क्रोध पर नियंत्रण रखें। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। दूसरों पर अतिविश्वास न करें। दूसरों से व्यर्थ में न उलझें।

**वृश्चिक :** प्रसन्नता रहेगी। प्रमाद न करें। नवीन वस्त्राभूषण की प्राप्ति होगी। लेन-देन में सावधानी रखें। पुरानी लेनदारी वसूल होगी। यात्रा सफल रहेगी। व्यवहार-कुशलता से समस्या का समाधान संभव है। व्यापारिक निर्णय लेने में देरी नहीं करना चाहिए। लाभ होगा।

**धनु :** प्रसन्नता रहेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। अधूरे पड़े कार्य पूरे होंगे। जीवनसाथी से संबंधों में मधुरता आएगी। प्रयास व सहयोग से अनुकूलता आएगी। योजना फलीभूत होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी। पिता से मतभेद हो सकते हैं।

**मकर :** व्यवसाय ठीक चलेगा। प्रसन्नता रहेगी। प्रमाद न करें। नए प्रस्ताव प्राप्त होंगे। सुखद यात्रा के योग हैं। रचनात्मक काम होंगे। धर्म-कर्म में रुचि रहेगी। सत्संग का लाभ मिलेगा। आलस्य को त्यागें। अपने कार्यों को समय पर करने से सफलता प्राप्त हो सकती है।

**कुंभ :** कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। व्यापार लाभप्रद रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखद रहेगा। विवाद समाप्त होने से शांति एवं सुख बढ़ेगा। व्यापार अच्छा चलेगा। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। सोच-समझकर व्यय करें। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें।

**मीन :** व्यवसाय ठीक चलेगा। प्रेम-प्रसंग में सफलता मिलेगी। कानूनी बाधा दूर होगी। प्रसन्नता रहेगी। परोपकारी स्वभाव होने से दूसरों की मदद कर पाएँगे। काम के प्रति लापरवाही न करें। प्रयत्न एवं दूरदर्शिता से सहयोग व समर्थन मिलेगा। लाभ होगा।

–ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

## खबरें गांव की...

### शादीशुदा प्रेमिका ने फांसी लगाकर जान दे दी, प्रेमी शव को रेलवे ट्रैक पर फेंक आया

औरैया. अवैध संबंध के चलते महिला ने पेड़ से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। खुद को पुलिस से बचाने के लिए उसके दोस्त ने शव कंधे पर लादकर डीएफसी लाइन पर डाल दिया था। जिससे किसी ट्रेन से कटकर शव के टुकड़े-टुकड़े हो गए। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हत्या किए जाने का खुलासा होने पर पुलिस सक्रिय हुई। महिला मित्र की कॉल डिटेल से युवक को दबोच लिया। फफूंद थाना क्षेत्र के गांव राजा का पुर्वा का रहने वाला ब्रजेश यादव का पास के गांव की रहने वाली एक युवती से दोस्ती थी। युवती विवाहित थी, लेकिन ससुराल से मतभेद चलने के कारण वह अपने मायके रह रही थी।

### बहनोई के फर्जी दस्तखत कर बैंक मैनेजर साले ने खाते से निकाल लिए 5 लाख, केस

**गोरखपुर.** यूपी के गोरखपुर के गोला इलाके के एक बैंक के शाखा प्रबंधक पर अपने ही बहनोई के फर्जी दस्तखत कर खाते से 5 लाख रुपए निकाल लेने का आरोप लगा है। बैंक मैनेजर के खिलाफ थाने में जालसाजी का केस दर्ज कर लिया गया है। मैनेजर के बहनोई ने आरोप लगाया है कि उसका फर्जी हस्ताक्षर करके उसके साले (शाखा प्रबंधक) ने खाते से पांच लाख रुपये निकाल लिए थे। बहनोई का कहना है कि उन्होंने पहले इस मामले थाने पर तहरीर दी थी लेकिन पुलिस ने केस दर्ज नहीं किया। इसके बाद वह कोर्ट गए। अब कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### मुंबई जा रहे पति-पत्नी को ट्रेन से उतार लूटने की कोशिश, सिपाही गिरफ्तार;

**गोरखपुर.** बिहार से मुंबई जा रहे पश्चिम बंगाल के एक दंपति को चोरी के केस में जांच के नाम पर ट्रेन से उतारकर लूट की कोशिश का मामला सामने आया है। आरोप है कि पति को धमकाने के बाद उसे गोरखनाथ थाने पर ही उतार दिया और महिला को स्पोर्ट्स कॉलेज के पास ले जाकर गहने लूटने की कोशिश की गई। पुलिस की सक्रियता की वजह से आरोपित सिपाही महिला को छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपित सिपाही को गिरफ्तार कर लिया। वहीं, जांच में उसके पास से फर्जी आधार कार्ड मिलने पर जालसाजी की धारा भी बढ़ा दी गई। पकड़े गए आरोपित सिपाही की पहचान गाजीपुर जिले के चौरा मनिहारी गांव निवासी अभिषेक यादव के रूप में हुई है।

### बाप ने बेटी की हत्या करने के बाद की खुदकुशी

**संभल.** मंगलवार दोपहर एक शख्स ने बेटी को मोबाइल पर लड़के से बात करता देख अपना आपा खो बैठा। पिता ने गुस्से में लोह की रॉड से कई वार कर बेटी को मौत के घाट उतार दिया। फिर सल्फास खाकर आत्महत्या कर ली। ये घटना ऐचोडा कंबोह थाना क्षेत्र के अशरफपुर गांव का है। राजपाल जाटव की बेटी 19 साल की बेटी अंशु मंगलवार दोपहर घर में मोबाइल पर किसी से बात कर रही थी। इसे देखकर राजपाल आग बबूला हो गया और आवेश में आकर उसने लोहे की रॉड से अंशु के सिर पर वार कर दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। बेटी की हत्या के बाद राजपाल ने खुद भी सल्फास खा लिया।

# 104 अवैध प्रवासियों को अमृतसर लाया अमेरिकी विमान

**अमृतसर.** अमेरिका में रह रहे अवैध भारतीय प्रवासियों को लेकर पहुंचा विमान अमृतसर एयरपोर्ट पहुंच गया। इस विमान में 1045 भारतीय प्रवासी शामिल हैं, जिन्हें अमेरिका से डिपोर्ट किया गया है। इन लोगों को अमेरिकी सेना का सी-17 हरक्युलिस विमान लेकर पहुंचा है। अमेरिका ने भारत के अलावा ब्राजील, मेक्सिको समेत कई अन्य देशों से आए अवैध प्रवासियों को भी डिपोर्ट किया है। यही नहीं जिन लोगों की नागरिकता का सत्यापन नहीं हो पा रहा है, उन्हें ग्वांतानामो बे समेत कई जेलों में रखा जा रहा है।

### टूटे सपने लेकर बैरंग लौटे भारत



विमान में कुल 104 भारतीय हैं जिनमें 13 बच्चे, 79 पुरुष और 25 महिलाएं हैं। इनमें से 33 लोग गुजरात से हैं, इन्हें एयर पोर्ट से ही गुजरात भेजा जाएगा। एयरपोर्ट के अंदर और बाहर पंजाब पुलिस और सीआईएसएफ के जवानों को तैनात किया गया है।

### अभी कुछ और भेजे जा सकते हैं अवैध प्रवासी

अमेरिका से आने वाले अवैध भारतीय प्रवासियों का यह पहला बैच है। भविष्य में कुछ और विमानों में भी लोगों का अमेरिका से भेजा जा सकता है। डोनाल्ड ट्रंप ने 20 जनवरी को अमेरिका के राष्ट्रपति पद की जिम्मेदारी संभाली थी और तब से ही वहां रह रहे अवैध प्रवासियों को उनके मूल देश भेजा जा रहा है। माना जा रहा है कि करीब 5000 भारतीय अवैध प्रवासियों के लिए अमेरिका ने चिह्नित किया है।

हैं। अमेरिका से आए इस विमान में क्रू मेंबर और अमेरिकी अधिकारी भी थे, जो भारतीयों को अमृतसर एयरपोर्ट पर उतारकर लौट जाएंगे। अमेरिका आर्मी के जहाज सी-17 ने मंगलवार को अमेरिका के सैन एंटोनियो से अमृतसर एयरपोर्ट के लिए उड़ान भरी थी। अमृतसर पहुंचे विमान में ज्यादातर लोग पंजाब के ही रहने वाले हैं, जो डंकी रूट या अन्य किसी तरीके से अमेरिका पहुंच गे थे, लेकिन उनके पास पर्याप्त दस्तावेज नहीं हैं।

पहले खबरें थीं कि 205 भारतीयों को लेकर विमान आ रहा है, जबकि इसमें 104 लोग ही पाए गए हैं। इस विमान की लैंडिंग दोपहर 1:55 बजे हुई है। अब तक मिली जानकारी के अनुसार विमान में बैठे 30 लोग पंजाब के हैं, जबकि 33-33 लोग गुजरात और हरियाणा के हैं। वहीं यूपी और महाराष्ट्र के भी तीन-तीन लोग हैं। चंडीगढ़ के रहने वाले दो शख्स हैं। अब भी आधिकारिक आंकड़ा जारी नहीं किया गया है कि कितने लोग आए हैं।

# महाकुंभ के 25वें दिन मोदी ने संगम में लगाई डुबकी

- योगी के साथ संगम नोज पहुंचे
- मंत्रोच्चार के बीच स्नान किया; कहा- पुण्य स्नान से धन्य हुआ



**प्रयागराज.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को प्रयागराज में संगम में डुबकी लगाई। उन्होंने भगवा रंग के वस्त्र पहन रखे थे। हाथ और गले में रुद्राक्ष की मालाएं थीं। मंत्रोच्चार के बीच मोदी ने अकेले ही संगम में डुबकी लगाई।

स्नान के बाद पीएम ने सूर्य को अर्घ्य दिया। करीब 5 मिनट तक मंत्र का जाप करते हुए सूर्य पूजा की। संगम नोज पर गंगा पूजन किया। मां गंगा को दूध अर्पित किया, साड़ी चढ़ाई।

संगम स्नान के बाद मोदी ने सोशल मीडिया पर लिखा- महाकुंभ में आज पवित्र संगम में डुबकी लगाकर मैं भी करोड़ों लोगों की तरह धन्य हुआ। मां गंगा सभी को असीम शांति, बुद्धि, सौहार्द और अच्छा स्वास्थ्य दें।

मोदी गंगा पूजन के बाद सीधे बोट से अरैल घाट पहुंचे। वहां से दिल्ली के लिए रवाना हो गए। मोदी के संगम स्नान के दौरान सीएम योगी भी साथ रहे।

#### 2 घंटे प्रयागराज में रहे मोदी

महाकुंभ में श्रद्धालुओं को दिक्कत न हो, इसलिए पीएम ने कार्यक्रम बेहद सीमित रखा। वह करीब दो घंटे प्रयागराज में रहे। उन्होंने किसी से मुलाकात नहीं की। यहां तक कि दोनों डिप्टी सीएम केशव मौर्य और ब्रजेश पाठक भी बमरौली एयरपोर्ट पर ही रहे।

मोदी का विमान सुबह करीब 10.30 बजे दिल्ली से बमरौली एयरपोर्ट पहुंचा। यहां CM योगी आदित्यनाथ ने स्वागत किया। एयरपोर्ट से हेलिकॉप्टर से पीएम डीपीएस के हेलीपैड पहुंचे। यहां से उनका काफिला अरैल के VIP घाट पहुंचा। वहां से योगी के साथ बोट से संगम पहुंचे।

PM के दौरे को देखते हुए मेले की सुरक्षा बढ़ा दी गई थी। संगम क्षेत्र में पैरामिलिट्री फोर्स भी तैनात की गई। 54 दिन में PM का महाकुंभ का दूसरा दौरा है। इससे पहले 13 दिसंबर को यहां आए थे।

# बिहार नहीं, तेलंगाना वाली जाति जनगणना करवाएंगे

- पटना में इतिहास पर उठाया सवाल
- कहा-दलितों के बारे में सिर्फ दो लाइन



**पटना.** 19 दिन में दूसरी बार बुधवार को पटना पहुंचे कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बिहार की जातीय गणना पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा, 'हम बिहार वाली जातीय गणना नहीं करवाएंगे। अगर देखना है तो तेलंगाना वाली जाति जनगणना देखिए।'

श्रीकृष्ण मेमोरियल हॉल में स्वतंत्रता सेनानी जगलाल चौधरी की जयंती समारोह में 15 मिनट के भाषण में कांग्रेस नेता ने दलितों को हक दिलाने का वादा किया। उन्होंने कहा कि हमने इतिहास की किताब में दलितों के बारे में सिर्फ दो लाइन पढ़ी हैं। दलित और अछूत।

उन्होंने मोदी सरकार पर दलितों, पिछड़ों और अतिपिछड़ों की हकमारी करने का आरोप लगाया। बोले, 'संस्थानों में हक दिलाने का पहला कदम जाति जनगणना है। इसको हम कराएंगे।'

इससे पहले 18 जनवरी को बिहार दौरे पर आए राहुल गांधी ने बिहार की जाति जनगणना (सर्वे) को फर्जी करार दिया था।

# हिंदू आस्था से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं!

- तिरुपति मंदिर से क्यों हटाए गए 18 गैर-हिंदू कर्मचारी?



**तिरुपति .** तिरुमला तिरुपति देवस्थानम (TTD) ने अपने धार्मिक नियमों का उल्लंघन करने पर 18 कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की है। इन कर्मचारियों पर हिंदू परंपराओं का पालन न करने और गैर-हिंदू धार्मिक गतिविधियों में शामिल होने का आरोप है। TTD बोर्ड के अध्यक्ष बीआर नायडू के नेतृत्व में पहले ही यह स्पष्ट किया गया था कि केवल हिंदू कर्मचारी ही देवस्थानम में कार्य कर सकते हैं। लेकिन जांच के दौरान इन 18 कर्मचारियों को गैर-हिंदू परंपराओं का पालन करते हुए पाया गया, जिसके चलते उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की गई है।

#### दो विकल्प दिए गए, पालन न करने पर होगी सख्त कार्रवाई

TTD बोर्ड के प्रस्ताव के अनुसार, इन कर्मचारियों को तिरुमला के मंदिरों और इससे संबंधित विभागों से हटा दिया जाएगा। साथ ही, उन्हें किसी भी हिंदू धार्मिक आयोजन या अनुष्ठान में भाग लेने की अनुमति नहीं होगी। बोर्ड ने इन कर्मचारियों को दो विकल्प दिए हैं – या तो वे किसी सरकारी विभाग में ट्रांसफर के लिए आवेदन करें या फिर स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति योजना (VRS) के तहत संस्थान से रिटायर हो जाएं। यदि वे इन दोनों में से किसी भी विकल्प को स्वीकार नहीं करते हैं, तो उनके खिलाफ और सख्त कार्रवाई की जाएगी। TTD द्वारा जारी एक आधिकारिक बयान में कहा गया, ₹TTD अध्यक्ष बीआर नायडू के निर्देशानुसार, उन कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई शुरू की गई है जो TTD में कार्यरत होते हुए भी गैर-हिंदू धार्मिक गतिविधियों में शामिल हो रहे थे। अधिकारियों ने ऐसे 18 कर्मचारियों की पहचान की है, जो हिंदू परंपराओं का पालन करने के बजाय अन्य धर्मों से जुड़ी गतिविधियों में संलग्न पाए गए हैं। ऐसे कर्मचारियों को मंदिरों और धार्मिक आयोजनों से हटा दिया जाएगा और ट्रांसफर या VRS का विकल्प दिया गया है। यह निर्णय TTD के धार्मिक महत्व और मंदिरों की आध्यात्मिक पवित्रता को बनाए रखने के लिए लिया गया है।₹


### खीर खाने के बाद बिगड़ी 250 से ज्यादा लोगों की तबीयत

**कोल्हापुर.** कोल्हापुर में फूड पॉइजनिंग से जुड़ा एक गंभीर मामला सामने आया है। पश्चिमी महाराष्ट्र के कोल्हापुर के एक गांव के मेले में कथित तौर पर 250 से अधिक लोगों की तबियत अचानक बिगड़ गई। पुलिस ने बुधवार बताया कि कथित तौर पर लोगों ने मेले में प्रसाद का सेवन किया था जिसके बाद सबकी हालत खराब हो गई।

कुरुंदवाड़ पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि करीब 50 लोगों का फिलहाल शिरोल के अस्पताल में इलाज चल रहा है और सभी की हालत स्थिर बताई जा रही है। उन्होंने बताया कि मंगलवार को शिवनकवाड़ी गांव में एक मेले का आयोजन किया गया था।

# ChatGPT और DeepSeek इस्तेमाल न करें सरकारी कर्मचारी

- वित्त मंत्रालय ने दी सलाह




**नई दिल्ली.** चीन की आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस टूल DeepSeek आते ही दुनियाभर में तेजी से लोकप्रिय हो रही है। पिछले महीने लॉन्च होने के बाद इस एप्लीकेशन ने लोकप्रियता के मामले में ChatGPT जैसे धुरंधरों को पीछे छोड़ते हुए सुर्खियां भी बटोरीं। हालांकि भारत समेत दुनिया के कई देश चीन की इस कंपनी को लेकर आश्वस्त नहीं लग रहे हैं। भारत सरकार ने हाल ही में DeepSeek और ChatGPT जैसे ऐप के इस्तेमाल को लेकर चेतावनी जारी की है। केंद्रीय वित्त मंत्रालय ने अपने कर्मचारियों से ऑफिशियल कामों के लिए इस तरह की एआई टूल का इस्तेमाल न करने की सलाह दी है।

न्यूज एजेंसी रॉयटर्स ने डिपार्टमेंट की इंटरनल एडवाइजरी का हवाला देते हुए इस बात की जानकारी दी है। सरकार ने इस कदम के पीछे कई जोखिमों का हवाला दिया है। सरकार के मुताबिक इन ऐप्स के इस्तेमाल से सरकारी दस्तावेजों और डेटा की गोपनीयता को लेकर कई खतरे हैं। जानकारी के मुताबिक 29 जनवरी को दी गई यह एडवाइजरी मंगलवार को सोशल मीडिया के जरिए सामने आई है। केंद्रीय वित्त मंत्रालय की सलाह में कहा गया है, ₹दफ्तरों के कंप्यूटर और दूसरे डिवाइस में एआई टूल्स और एआई ऐप (जैसे ChatGPT, DeepSeek आदि) डेटा और दस्तावेजों की गोपनीयता को लेकर जोखिम पैदा करते हैं।

# भारत-बांग्लादेश बॉर्डर पर BSF-घुसपैठियों में झड़प

**दिनाजपुर.** पश्चिम बंगाल में भारत-बांग्लादेश सीमा पर बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स (BSF) पर की सीमा पार से आने वाले घुसपैठियों ने झड़प हुई। सुरक्षाबलों ने घुसपैठ को नाकाम किया। हालांकि झड़प के दौरान एक जवान घायल हुआ। एक घुसपैठिया भी गिरफ्तार किया गया है।

घटना दक्षिण दिनाजपुर जिले में बॉर्डर से लगे मलिकपुर गांव में 4-5 जनवरी की रात में हुई। डकैती और स्मगलिंग की वारदातों को अंजाम देने वाले गैंग के कई लोग बांग्लादेश से भारत में घुसपैठ की कोशिश कर रहे थे।



रात में पेट्रोलिंग कर रहे BSF जवानों ने घुसपैठ कर रहे बदमाशों को खदेड़ा था। इसी दौरान उन लोगों ने जवानों पर हमला कर दिया। BSF ने भी जवाबी कार्रवाई की। बदमाशों में टीम की गाड़ी भी छीनने की कोशिश की।

इसी दौरान बदमाशों ने धारदार हथियारों से टीम पर हमला किया। सुरक्षाबलों ने बदमाशों पर गोला-बारूद दागा और गोलियां चलाईं। बदमाश अपनी जान बचाकर बांग्लादेश की ओर भाग निकले।

### महाकुंभ- अखाड़े में संतों ने पैकिंग शुरू की

**प्रयागराज.** महाकुंभ का आज 25वां दिन है। 13 जनवरी से अब तक 38.66 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालु स्नान कर चुके हैं। अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष रविंद्र पुरी ने कहा- कुछ माताओं-बहनों ने उन्हें बताया कि कच्छा बनियान गैंग और यू-ट्यूबर गैंग के लोगों ने मेले को खराब करने की साजिश की, इसकी जांच बेहद जरूरी है। आज PM मोदी ने संगम में स्नान और गंगा की पूजा-अर्चना की।

अखाड़े के साधु-संत कैंप में अपने सामान की पैकिंग कर रहे हैं। दो दिन बाद यानी 7 फरवरी को अखाड़े काशी और हरिद्वार के लिए रवाना होंगे। पूजा कर धर्म ध्वजा उतारी जाएगी।

बैडमिंटन खिलाड़ी साइना नेहवाल ने कहा- आज मैं त्रिवेणी संगम आई हूं। यूपी सरकार को सलाम कि उन्होंने इतनी मेहनत की है और इतनी अच्छी व्यवस्था की है।

# टोल टैक्स जल्द खत्म होने वाला है?

- नितिन गडकरी ने दे दिए देश में बड़े बदलाव के संकेत



**नई दिल्ली.** केंद्र सरकार टोल से भी जल्द ही बड़ी राहत देने जा रही है। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने ऐसे संकेत दिए हैं। हाल ही में एक टीवी चैनल को दिए इंटरव्यू में उन्होंने बताया है कि टोल को लेकर सभी की 'शिकायतें' खत्म होने वाली हैं। खास बात है कि सरकार ने बजट 2025 में 12 लाख रुपये की आय पर कोई इनकम टैक्स नहीं लगाकर बड़ी राहत का ऐलान किया था।

एनडीटीवी से बातचीत में गडकरी से जब टोल से राहत को लेकर सवाल किया गया, तो उन्होंने कहा, 'जल्द ही मिल जाएगी।' उन्होंने कहा, 'हमारा अध्ययन पूरा हो गया है। हम जल्द ही ऐसी स्कीम लाएंगे कि सभी लोगों को टोल से एक प्रकार से तकलीफें खत्म हो जाएंगी।' हालांकि, उन्होंने इस बारे में विस्तार से कुछ नहीं बताया, लेकिन कहा, 'पर मैं जल्द ही स्कीम जारी करके इसे खत्म करूंगा।'

उन्होंने कहा, 'मेरे भी बहुत कार्टून निकलते हैं। सोशल मीडिया पर लोग ट्रोल करते हैं। टोल को लेकर लोग नाराज ही हैं। मैं बस इतना ही कह सकता हूं आने वाले कुछ ही दिनों में यह नाराजगी दूर हो जाएगी।'

केंद्रीय मंत्री ने टोल कलेक्शन के तरीके में भी बदलाव के संकेत दिए हैं। जब टोल टैक्स के लिए बार-बार रुकने को लेकर सवाल किया गया, तो उन्होंने कहा, 'देखिए 99 फीसदी फास्टैग हैं। रुकने की जरूरत नहीं पड़ेगी कहीं।' उन्होंने संकेत दिए हैं कि इसे सैटेलाइट से जोड़ने की तैयारी चल रही है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा सरकार कई नीतियां जारी करेगी।

# अभिषेक शर्मा नंबर-2 बल्लेबाज बने

- टी-20 ICC रैंकिंग में अभिषेक ने 38 स्थान की छलांग लगाई
- ट्रैविस हेड टॉप पर, स्पिनर वरुण तीसरे नंबर पर



भारतीय ओपनर अभिषेक शर्मा ICC की टी-20 रैंकिंग में नंबर-2 पर पहुंच गए हैं। उन्होंने 829 रेटिंग पॉइंट्स की छलांग लगाई। टॉप पर ट्रैविस हेड हैं। तीसरे नंबर पर तिलक वर्मा रहे। उन्हें एक अंक का नुकसान हुआ है।

ICC ने बुधवार को ताजा रैंकिंग जारी की। टी-20 की बॉलिंग रैंकिंग में वरुण चक्रवर्ती को तीन स्थान का फायदा हुआ है। अब वे 5वें से तीसरे स्थान पर आ गए हैं।

वरुण के 705 रेटिंग पॉइंट्स हैं, जबकि इंग्लैंड के राशिद खान 705 अंक के साथ दूसरे और वेस्टइंडीज के अकील हुसैन (707 अंक) पहले स्थान पर हैं। टी-20 की ऑलराउंडर्स रैंकिंग के टॉप-10 में बदलाव नहीं हुआ है।

#### टी-20 बैटर्स रैंकिंग

| रैंक | प्लेयर | टीम | पॉइंट्स |
|---|---|---|---|
| 1 | ट्रैविस हेड | ऑस्ट्रेलिया | 855 |
| 2 | अभिषेक शर्मा | भारत | 829 |
| 3 | तिलक वर्मा | भारत | 803 |
| 4 | फिल सॉल्ट | इंग्लैंड | 798 |
| 5 | सूर्यकुमार यादव | भारत | 738 |
| 6 | जोस बटलर | इंग्लैंड | 729 |
| 7 | बाबर आजम | पाकिस्तान | 712 |
| 8 | पाथुम निसांका | श्रीलंका | 707 |
| 9 | मोहम्मद रिजवान | पाकिस्तान | 704 |
| 10 | कुसल परेरा | श्रीलंका | 675 |

#### इंग्लैंड के खिलाफ बेहतर परफॉर्मेंस से टॉप 2 में आए

अभिषेक ने इंग्लैंड के खिलाफ 5वें टी-20 मैच में 135 रन बनाए। उन्होंने 7 चौके और 13 छक्के लगाए। अभिषेक ने महज 37 गेंद पर सेंचुरी पूरी कर ली थी। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया था।

#### वरुण चक्रवर्ती प्लेयर ऑफ द सीरीज रहे

इंग्लैंड के खिलाफ 14 विकेट लेकर प्लेयर ऑफ द सीरीज रहे वरुण को बॉलर्स रैंकिंग में 3 स्थान का फायदा हुआ है। अब वे छठे पायदान से तीसरे पायदान पर पहुंच गए हैं। टी-20 सीरीज में शानदार परफॉर्मेंस से उन्हें 6 फरवरी से शुरू हो रहे वनडे सीरीज के लिए भी चुना गया है।

#### हार्दिक पंड्या नंबर-1 पर कायम

स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या टी-20 ऑलराउंडर्स रैंकिंग के पहले पायदान पर बने हुए हैं। उन्होंने चौथे टी-20 में शानदार बल्लेबाजी करते हुए 30 बॉल पर फिफ्टी लगाई थी। पंड्या ने 30 बॉल पर 53 रन की पारी खेली थी।

# दिल्ली में तख्तापलट... कमल खिलेगा!

**नई दिल्ली.** दिल्ली की 70 विधानसभा सीटों पर 5 फरवरी को मतदान हुआ. इसके बाद अब एग्जिट पोल सामने आने लगे हैं. एग्जिट पोल में दिल्ली में बड़ा बदलाव होते दिख रहा है. MATRIZE के सर्वे के मुताबिक, दिल्ली में बीजेपी और आम आदमी पार्टी के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिल रही है. लेकिन इसमें बीजेपी को मामूली बढ़त देखने को मिल रही है. इन आंकड़ों के मुताबिक, आप को 32-37 सीटें मिलती दिख रही हैं, जबकि बीजेपी 35-40 सीटों के साथ दिल्ली में सरकार बनाती दिख रही है. वहीं कांग्रेस को भी एक सीट मिलती दिख रही है.



#### चाणक्य स्ट्रैटजी के एग्जिट पोल में क्या..

चाणक्य स्ट्रैटजी के एग्जिट पोल में भी बीजेपी को बढ़त मिलती दिख रही है. इस सर्वे के अनुसार, दिल्ली में आप को 25-28 सीटें मिल सकती हैं, जबकि बीजेपी दिल्ली में 39-44 सीटें मिलती दिख रही हैं. जबकि कांग्रेस 2-3 सीटें जीत सकती हैं.

#### पोल डायरी के एग्जिट पोल में बीजेपी की सरकार

पोल डायरी के एग्जिट पोल में भी दिल्ली में बदलाव होता दिख रहा है और बीजेपी बहुमत के साथ सरकार बनाती दिख रही है. इस पोल के मुताबिक, आप 18-25 सीटें हासिल कर सकती है, जबकि बीजेपी को 42-50 सीटें मिल सकती हैं. वहीं, कांग्रेस को 0-2 सीटें मिल सकती हैं.

#### पीपुल्स इनसाइट के एग्जिट पोल में क्या

पीपुल्स इनसाइट के एग्जिट पोल के मुताबिक, दिल्ली में आप को 25-29 सीटें मिल सकती हैं, जबकि बीजेपी को 40-44 सीटें मिल सकती हैं. वहीं कांग्रेस का भी खाता खुलता दिख रहा है.

P-Marq के एग्जिट पोल के मुताबिक, आप को दिल्ली में 21-31 सीटें मिल सकती हैं, जबकि भाजपा को 39-49 सीटें मिल सकती हैं. वहीं कांग्रेस का खाता खुल सकता है.

#### अब जानें अन्य एग्जिट पोल का हाल

जेवीसी पोल के एग्जिट पोल के अनुसार, बीजेपी को 39-45 सीटें मिल सकती हैं, जबकि आप को 22-31 सीटें मिल सकती हैं. जबकि कांग्रेस को एक सीट मिल सकती है.

वहीं, पी-मार्क के एग्जिट पोल में भी बीजेपी की सरकार बनती दिख रही है. बीजेपी को 39-49 सीट मिलती दिख रही है, जबकि आप को 21-31 सीटें मिलती दिख रही हैं.

#### 70 सीटों पर हुई वोटिंग

बता दें कि राजधानी की सभी 70 सीटों पर 699 उम्मीदवार चुनावी मैदान में हैं. वोटिंग खत्म होने के साथ ही कैंडिडेट्स की किस्मत EVM में कैद हो गई है. अब इंतजार है 8 फरवरी का. दिल्ली विधानसभा के नतीजे इसी दिन आएंगे.

दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार है और आतिशी मुख्यमंत्री हैं. AAP ने लगातार 2013, 2015, 2020 में जीत हासिल की और अरविंद केजरीवाल मुख्यमंत्री बने. हालांकि, शराब घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में केजरीवाल फंस गए और उन्हें मार्च 2024 में जेल जाना पड़ा. सितंबर में जब वो जमानत पर बाहर आए तो उन्होंने मुख्यमंत्री पद छोड़ दिया और पार्टी ने आतिशी को नया सीएम बनाया.

## संक्षेप...

### मटका,जुआ अड्डे पर पुलिस का छापा.

4 गिरफ्तार

भिवंडी. शांतिनगर पुलिस स्टेशन हद में चल रहे एक मटका जुए के अड्डे पर पुलिस ने छापा मारकर 4 जुआरियों को रंगे हाथों हिरासत में लिया. चव्हाण कॉलोनी स्थित गैलेक्सी टॉकीज के पीछे एक खुले मैदान में कल्याण मटका जुआ खेलते और खिलाते हुए मोहम्मद बारीस अब्दुल रौफ खान, दिनेश कुमार संतराम चौरसिया, सुमगल जमुना प्रसाद गुप्ता और जफ्फर हसन शेख को पुलिस ने पकड़ा. पुलिस ने मौके से कुल 1,660 रूपये नकद जब्त किए हैं.शांतिनगर पुलिस ने चारों के खिलाफ मामला दर्ज किया है.

# महाराष्ट्र में सरकार बनाएगी 8 लाख घर

■ डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे का ऐलान



**मुंबई.** महाराष्ट्र में लोगों के अपने आशियाने के सपने को अब सरकार पूरा करने जा रही है. उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने बुधवार को कहा कि महाराष्ट्र आवास एवं क्षेत्र विकास प्राधिकरण (म्हाडा) अगले पांच सालों में राज्य भर में आठ लाख घरों का निर्माण करेगा. उन्होंने कहा कि इन मकानों के निर्माण के समय इनकी गुणवत्ता का ध्यान रखा जाना चाहिए. शिंदे ने कहा कि हम निरीक्षण के जरिए इनकी गुणवत्ता की जांच करेंगे.

आवास एवं शहरी विकास मंत्री शिंदे ने कोंकण संभाग में 2,147 मकानों और 117 भूखंडों के लिए लॉटरी के अवसर पर यह घोषणा की. उन्होंने कहा कि म्हाडा की पारदर्शी लॉटरी प्रणाली के कारण लोगों का उसमें भरोसा बढ़ रहा है. वर्तमान लॉटरी में 2,147 घरों के लिए 31,000 से ज्यादा लोगों ने आवेदन किया है. शिंदे ने कहा कि सरकार लोगों के घर के सपने को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है.

इसके साथ ही उपमुख्यमंत्री ने क्लस्टर विकास परियोजनाओं के महत्व पर भी जोर दिया और उन्हें मौजूदा शहरी क्षेत्रों के भीतर सुनियोजित शहर बनाने का प्रयास बताया. उन्होंने बताया कि 9 फरवरी को ठाणे में कई क्लस्टर परियोजनाओं का भूमि पूजन और शिलान्यास किया जाएगा.

### 2147 फ्लैट और 117 प्लॉट बेचे गए

ठाणे के डॉ. कोंकण क्षेत्र में म्हाडा के लिए बुधवार को काशीनाथ घनेकर थिएटर में उपमुख्यमंत्री शिंदे ने लॉटरी निकाली. इस बार नीलामी में 2147 फ्लैट और 117 प्लॉट बेचे गए. इस दौरान उन्होंने कहा कि हर किसी का सपना होता है कि उसे अच्छा घर मिले वो भी किफायती दामों पर. म्हाडा इस सपने को पूरा करने के लिए काम कर रहा है. उन्होंने कहा कि हम पिछले ढाई साल से काम कर रहे हैं और रुकी हुई परियोजनाओं को पटरी पर लाने की कोशिश कर रहे हैं. शिंदे ने कहा कि कुछ बाधाएं थीं हमने उन्हें हटा दिया है शिंदे ने कहा कि म्हाडा की विश्वसनीयता और गुणवत्ता बढ़ी है, लोगों को अच्छे घर दिए जाने चाहिए, घरों में रिसाव नहीं होना चाहिए औ उनकी दीवारें अच्छी होनी चाहिए

### लोगों को किफायती दामों में मिलेंगे घर

शिंदे ने कहा कि पिछले कुछ सालों में म्हाडा घरों के निर्माण गुणवत्ता में काफी सुधार हुआ है. उन्होंने कहा कि राज्य की नई आवास नीति में कपड़ा मिल श्रमिकों और मुंबई के प्रसिद्ध 'डब्बावालों' (टिफिन वाहक) के लिए प्रावधान शामिल होंगे, जिससे यह सुनिश्चित होगा कि उन्हें किफायती दामों में आवास मिल सकें.

# बीएमसी का 74,427 करोड़ रुपये का बजट

■ स्वास्थ्य सेवा के लिए 7,380.43 करोड़ रुपये आवंटित



**मुंबई.** बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) ने अपने 2025-26 के 74,427 करोड़ रुपये के बजट में स्वास्थ्य सेवा के लिए 7,380.43 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं, जिसमें अस्पतालों के पुनर्विकास, बीमारी की रोकथाम और विस्तारित चिकित्सा सेवाओं पर ध्यान केंद्रित किया गया है। क्षमता बढ़ाने के लिए, नगर निगम के अस्पतालों के पुनर्विकास के माध्यम से 3,515 नए बिस्तर जोड़े जाएंगे। उपनगरीय अस्पतालों में गहन देखभाल और नवजात आईसीयू सेवाओं का भी विस्तार किया जाएगा। हिंदूहृदयसम्राट बालासाहेब ठाकरे - आपला दवाखाना पहल, जिसके 250 केंद्र और 33 पॉलीक्लिनिक हैं, ने अब तक 90 लाख रोगियों को लाभान्वित किया है।

आने वाले वर्ष में, 25 नए आपला दवाखाना केंद्र और तीन फिजियोथेरेपी केंद्र स्थापित किए जाएंगे. निजी प्रयोगशालाओं के माध्यम से नगर निगम की दरों पर एक्स-रे, ईसीजी, सीटी स्कैन, एमआरआई और मैमोग्राफी सहित निःशुल्क नैदानिक परीक्षण प्रदान किए जाएंगे। सार्वजनिक-निजी भागीदारी मॉडल के तहत, निजी संस्थान 30 वर्षों तक अस्पतालों का संचालन और रखरखाव करेंगे। इनमें आर/नॉर्थ वार्ड में 490 बिस्तरों वाला भगवती अस्पताल, एम/ईस्ट वार्ड में एमएमआरडीए से स्थानांतरित 300 बिस्तरों वाला अस्पताल, साथ ही पंजाबी गली डायग्नोस्टिक सेंटर, जाखादेवी मल्टी-स्पेशलिटी क्लिनिक और विक्रोली पार्कसाइट अस्पताल शामिल हैं।

कई विशेष चिकित्सा सेवाओं और अस्पताल उन्नयन की योजना बनाई गई है। नायर अस्पताल में एक नया ऑन्कोलॉजी और आपातकालीन विभाग होगा, जबकि कूपर अस्पताल में लीनियर एक्सेलेरेटर विकिरण चिकित्सा से सुसज्जित 150 बिस्तरों वाली कैंसर इकाई होगी। केईएम, नायर और एलटीएमजी अस्पतालों में आईवीएफ और डायलिसिस सेवाओं का विस्तार किया जाएगा। एलटीएमजी अस्पताल के पुनर्विकास में एक नया नर्सिंग कॉलेज और एक ऑन्कोलॉजी भवन शामिल होगा।

# रेलवे के शताब्दी वर्ष पर ठाणे स्टेशन पर अनोखी प्रदर्शनी

## पूर्व डीसी ट्रेनों की प्रदर्शनी, रेलवे रंगोली और सेल्फी पॉइंट तैयार



**ठाणे.** बुलेट ट्रेन का सपना भले ही अब हकीकत बन गया है, लेकिन भारतीय रेलवे के गौरवशाली इतिहास को आज 100 साल पूरे हो गया।आज ही के दिन बोरीबंदर से कुर्ला रूट पर पहली इलेक्ट्रिक ट्रेन चली थी।इस शताब्दी वर्ष के अवसर पर ठाणे रेलवे स्टेशन पर एक छोटा सा कार्यक्रम आयोजित किया गया।इस अवसर पर इलेक्ट्रिक डीसी ट्रेन के पार्ट्स (मशीनें), रंगोली, सेल्फी पॉइंट आदि का प्रदर्शनी लगी।

16 अप्रैल 1853 को एशिया और भारत में मुंबई और ठाणे के बीच चलने वाली पहली ट्रेन बोरीबंदर जिसका वर्तमान में छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस से चली थी।धीरे धीरे रेलवे का नेटवर्क पूरे भारत में फैल गया। भारतीय रेलवे दुनिया की चौथी सबसे बड़ी रेलवे मानी जाती है और 3 फरवरी 1925 को पहली इलेक्ट्रिक ट्रेन बोरीबंदर और कुर्ला के बीच चली थी।इस ऐतिहासिक दिन के बाद रेलवे का विस्तार तेजी से बढ़ता नजर आ रहा है।रेलवे आज इलेक्ट्रिक रेलवे की शताब्दी मना रहा है।इस अवसर पर ठाणे रेलवे प्रबंधक केशव तावड़े ने बताया कि रेलवे की कुछ पुरानी यादगार वस्तुओं को ठाणे स्टेशन पर प्रदर्शन के लिए रखा गया है।ठाणे स्टेशन पर रेलवे प्रबंधक कार्यालय के परिसर में एक छोटी प्रदर्शनी लगाई गई है। इसमें पहले की इलेक्ट्रिक ट्रेनों के कुछ हिस्से यात्रियों के देखने के लिए रखे गए हैं।साथ ही इस स्थान पर रेलवे की खूबसूरत रंगोली बनाई गई और यात्रियों के लिए इस स्थान पर रेलवे का एक विशेष सेल्फी प्वाइंट भी रखा गया।

इस प्रदर्शनी के उद्घाटन के अवसर पर वरिष्ठ विद्युत अभियंता अरशद आलम खान, सहायक विद्युत अभियंता दीपक कारेकर, रेलवे , सहायक सुरक्षा आयुक्त अतुल क्षीरसागर, वरिष्ठ निरीक्षक रेलवे सुरक्षा बल सुरेंद्र कोष्टा आदि उपस्थित थे।

# भिवंडी में 'रन फॉर लेप्रोसी' मैराथन




उल्हास विकास संवाददाता

**भिवंडी.** राष्ट्रीय कुष्ठ रोग उन्मूलन एवं स्पर्श जनजागृति अभियान के अंतर्गत भिवंडी मनपा द्वारा ₹रन फॉर लेप्रोसी मैराथन₹ का आयोजन बीएनए कॉलेज परिसर में किया गया। यह मैराथन 4 फरवरी 2025 को BNN महाविद्यालय में आयोजित की गई।


मैराथन में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को कुष्ठ रोग के बारे में जागरूक किया गया. शहर क्षय रोग चिकित्सा अधिकारी डॉ. बुशरा सैय्यद ने हरी झंडी दिखाकर दौड़ की शुरुआत की. प्रतियोगिता में कुल 60 विद्यार्थियों ने भाग लिया. प्रतियोगिता में विजयी छात्रों को पुरस्कृत किया गया.

# ठाणे में ट्रक पलटा, तेल रिसाव से यातायात बाधित

**ठाणे.** ठाणे जिले में बुधवार सुबह औद्योगिक तेल के बैरल ले जा रहा एक ट्रक पलट गया जिससे राजमार्ग पर तेल फैल जाने से कुछ घंटों तक यातायात प्रभावित रहा। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

ठाणे नगर निगम के आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ के प्रमुख यासीन तड़वी ने बताया कि मुंब्रा इलाके के कौसा में एक अस्पताल के पास सुबह 8.07 बजे हुई इस दुर्घटना में ट्रक चालक और 17 वर्षीय सहायक सुरक्षित बच गए।

इक्कीस टन 'कटिंग तेल' (धातु काटने के दौरान औजारों को चिकना करने और ठंडा करने के लिए इस्तेमाल किया जाता है) के बैरल लादकर ट्रक, पड़ोसी पालघर जिले के वसई से बेंगलुरु जाने के क्रम में चालक के नियंत्रण खो देने से यह दुर्घटना हुई।



अधिकारी ने कहा कि परिणामस्वरूप, ट्रक पलटने से उसमें रखे कई बैरल टूट गए और तेल सड़क के 200 मीटर हिस्से में फैल गया। शहर की यातायात पुलिस, आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ और अग्निशमन विभाग के कर्मचारी मौके पर पहुंचे।

तडवी ने बताया कि तेल के रिसाव को रोकने और यात्रियों के लिए संभावित जोखिम को कम करने के लिए तेल के ऊपर मिट्टी डाली गई। उन्होंने बताया कि इस दुर्घटना के कारण ठाणे को शिलफाटा से जोड़ने वाले राजमार्ग पर यातायात जाम होने से करीब तीन घंटे तक एक लेन पर आवाजाही बाधित रही। उन्होंने बताया कि बाद में सामान्य यातायात बहाल कर दिया गया।

### 14से 16 फरवरी तक ठाणे में संगीत महोत्सव

**ठाणे.** ठाणे महानगरपालिका द्वारा संगीत भूषण पंडित राम मराठे संगीत महोत्सव. का आयोजन शुक्रवार, 14 फरवरी से रविवार, 16 फरवरी तक किया जाएगा।

इस महोत्सव के पहले दिन वरिष्ठ हारमोनियम वादक पं. विश्वनाथ कन्हेरे को राज्य स्तरीय पुरस्कार तथा गायिका वेदश्री खाडिलकर-ओक को युवा पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।

# मनपा जलापूर्ति विभाग ने अवैध नल कनेक्शन काटे




**भिवंडी.** मनपा प्रशासक, आयुक्त अजय वैद्य ने जलापूर्ति विभाग को पानी चोरी पर कड़क कार्यवाही के आदेश दिए हैं.भिवंडी मनपा जलापूर्ति विभाग टास्क फोर्स टीम ने अनधिकृत नल कनेक्शनों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए मौजे-जुना गौरीपाड़ा, साहिल होटल के पास स्थित एक अवैध इमारत के 21 नल कनेक्शनों को काट दिया. ग्राउंड प्लस 6 मंजिल बिल्डिंग पर उच्च न्यायालय और भिवंडी दीवानी न्यायालय में मामला लंबित है.उच्च न्यायालय ने इमारत को निष्कासित करने का आदेश दिया है, लेकिन भिवंडी दीवानी न्यायालय में स्थगन आदेश होने के कारण इसे तत्काल हटाया नहीं जा सका. इमारत पर कोई भी संपत्ति कर (घरपट्टी) और पानी कर (पाणीपट्टी) नहीं लगाया गया है, बावजूद इसके यहां अवैध रूप से नल कनेक्शन लिया गया था. आयुक्त एवं प्रशासक अजय वैद्य तथा उप-आयुक्त बालकृष्ण क्षीरसागर के आदेशानुसार, सहायक आयुक्त, कार्यालय अधीक्षक, कर निरीक्षक, अतिक्रमण पथक और जलापूर्ति विभाग की टास्क फोर्स टीम ने जलापूर्ति कार्यकारी अभियंता संदीप पटनावर के मार्गदर्शन में इमारत में अवैध रूप से लिए गए 21 अवैध नल कनेक्शन काटकर बिजली मोटर को प्रभाग समिति क्रमांक 4 के कार्यालय में जमा कर दिया.

### होगी कठोर कार्रवाई

मनपा प्रशासक,आयुक्त अजय वैद्य ने शहर के नागरिकों को चेतावनी दी है कि यदि किसी भी इमारत में बकाया संपत्ति,पानी टैक्स पाया जाता है अथवा टैक्स निर्धारण नहीं हुआ तो उसके खिलाफ कठोर एक्शन लिया जाएगा .पानी चोरी अक्षम्य अपराध है .पानी चोरी में लिप्त लोगों पर पुलिस में आपराधिक मामला दाखिल किया जाएगा .

# GMMC द्वारा निर्मित मीटर अगले आदेश तक नहीं बेचे जाएं -हाई कोर्ट

**मुंबई.** बॉम्बे हाई कोर्ट ने पिछले सप्ताह महाराष्ट्र के विधिक माप विज्ञान नियंत्रक (सीएलएम) को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि ग्लोबल मीटर मैन्युफैक्चरिंग कंपनी (जीएमएमसी) द्वारा निर्मित ऑटो-रिक्शा किराया मीटर अगले आदेश तक नहीं बेचे जाएं। जस्टिस रवींद्र घुगे और अश्विन भोबे की खंडपीठ ने यह आदेश तब जारी किया जब उसे पता चला कि जीएमएमसी ने आधिकारिक रिकॉर्ड में तीन अलग-अलग विनिर्माण पते दिए हैं। हालांकि, जांच में पता चला कि कंपनी पुणे में इनमें से किसी भी स्थान से काम नहीं कर रही थी। कोर्ट ने यह भी कहा कि जीएमएमसी पूरे भारत में प्लास्टिक बॉडी से बने मीटर बेच रही है।



ऐसे मीटरों की प्रतिदिन बड़ी संख्या में बिक्री की संभावना का हवाला देते हुए, जो किसी भी रिकॉल प्रक्रिया को जटिल बना सकता है, कोर्ट ने जीएमएमसी को बिक्री और वितरण बंद करने का निर्देश दिया। जजों ने सीएलएम को आदेश का व्यापक प्रचार करने का भी आदेश दिया। इसके अतिरिक्त, जीएमएमसी को पिछले पांच वर्षों में सीरियल नंबर और बेची गई इकाइयों सहित अपने स्टॉक का विवरण देने वाला हलफनामा प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया।

पीठ ने स्वीकार किया कि राज्य विधिक माप विज्ञान विभाग के पास विनिर्माण सुविधाओं का निरीक्षण करने का अधिकार है। इसने सीएलएम को जीएमएमसी से जुड़े सभी पतों का निरीक्षण करने का निर्देश दिया, जिसमें वह पता भी शामिल है जिसके लिए 2006 में विनिर्माण की मंजूरी दी गई थी, और संबंधित विनिर्माण, बिक्री और वितरण दस्तावेजों को जब्त करने का निर्देश दिया। अदालत ने वसई के उप क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी द्वारा जीएमएमसी को 13 फरवरी, 2023 को लिखे गए पत्र का हवाला दिया, जिसमें इस शिकायत पर प्रकाश डाला गया था कि कंपनी ने अपने मीटरों में धातु के बॉडी को अनधिकृत प्लास्टिक बॉडी से बदल दिया था। अधिवक्ता अक्षय कांबले ने औपचारिक रूप से 28 जनवरी, 2023 को यह शिकायत दर्ज कराई थी।


### आम सूचना

इस आम सूचना द्वारा मैं श्रीमती जयश्री रमेश चुग सभी को सूचित कर रही हूं कि श्री रमेश रोचलदास चुग का देहांत 9 जुलाई 2019 को हो गया है. उनके नाम पर होंडा एक्टिवा नं. एमएच05 बीके 0154 कल्याण जिसे अब मेरे नाम पर परिवर्तन करने के लिए कल्याण आर.टी.ओ. कार्यालय में आवेदन दे दिया है. उपरोक्त ऑटो रिक्शा पर किसी को किसी भी प्रकार की आपत्ति हो जैसे विक्री व्यवहार, खरीदी व्यवहार, गिरवी, दान बक्षीस, वारण, लीज तथा अन्य कोई लेन देन हो तो इस आम सूचना के प्रकाशित होने के 7 दिन के भीतर अपनी आपत्ती आर.टी.ओ. कार्यालय, कल्याण में दर्ज कराएं। अन्यथा होंडा एक्टिवा नं. एमएच 05 बीके 0154 मेरे श्रीमती जयश्री रमेश चुग के नाम पंजीकरण कर दिया जाएगा.

सही/-
**श्रीमती जयश्री रमेश चुग**
बैरक नं. 734, रुम नं. 13, पंजाबी कालोनी, शास्त्री नगर, उल्हासनगर-3.


# तीन दिन बाद भी छात्रा का नहीं चला पता

■ अपहरण की प्राथमिकी दर्ज

**ठाणे.** ठाणे रेलवे स्टेशन के निकट से तीन दिन पहले लापता हुई 14 वर्षीय छात्रा का अब तक पता नहीं चल पाया है, जिसके बाद पुलिस ने अपहरण का मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी।

अधिकारी ने बताया कि छात्रा को सोमवार को अपराह्न करीब 12.55 बजे स्कूल से निकलकर घर की बजाय ठाणे रेलवे स्टेशन की ओर जाते हुए देखा गया था और फिर वह बीच रास्ते में ही गायब हो गई थी।




उन्होंने बताया कि जब वह घर नहीं पहुंची तो उसके माता-पिता ने उसकी तलाश की और बाद में पुलिस में शिकायत दर्ज कराई।


उन्होंने महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एवं ठाणे के विधायक एकनाथ शिंदे से मुलाकात की तथा किशोरी का पता लगाने के लिए उनके हस्तक्षेप की मांग की। ठाणे नगर पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि शिकायत के आधार पर तीन फरवरी को अज्ञात व्यक्ति/व्यक्तियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 137 (2) के तहत अपहरण का मामला दर्ज किया गया है।






# कैंसर पर बात करते हुए इमोशनल हुईं हिना

■ बोलीं- हमसे पूछिए कितना मुश्किल होता है रिपोर्ट का पॉजिटिव आना, जागरूक रहना जरूरी



4 मार्च को विश्व कैंसर दिवस के मौके पर नरगिस दत्त फाउंडेशन की ओर से कैंसर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान सोनाली बेंद्रे और टीवी एक्ट्रेस हिना खान पहुंचीं, जहां हिना कैंसर पर बात करते हुए इमोशनल हो गईं।

हिना खान ने कहा, 'आपको अंदाजा नहीं है कि वो पल कितना सुकून भरा होता है जब आपकी रिपोर्ट नेगेटिव आती है। जब आपके टेस्ट में कैंसर का कोई संकेत नहीं मिलता, तो वह कितनी बड़ी राहत होती है। लोग कहते हैं कि पैसे वेस्ट हो गए, लेकिन ऐसा बिल्कुल नहीं है। बल्कि, आपको एक सुखद एहसास होता है कि आपकी जिंदगी में कैंसर जैसा कुछ नहीं है।'

इमोशनल होते हुए हिना खान आगे कहती हैं, 'हमसे पूछिए, ये कितना मुश्किल होता है जब आप वो रिपोर्ट पढ़ते हैं। वो घंटी, जिसकी आवाज से आपको ये पता चलता है कि आपकी जांच रिपोर्ट आ चुकी है और डॉक्टर बताते हैं कि कैंसर का पता चला है, वो पल कितना दुख देता है। हालांकि, सही वक्त में मुझे इसके बारे में पता चल गया और इसका इलाज भी जारी है।'

### थर्ड स्टेज ब्रेस्ट कैंसर से पीड़ित हैं हिना

हिना ने 28 जून, 2024 को सोशल मीडिया पर बताया था कि उन्हें स्टेज 3 ब्रेस्ट कैंसर है। पोस्ट में हिना ने लिखा था, 'हाल ही में उड़ रही अफवाहों के बीच, मैं आपको कुछ जरूरी जानकारी देना चाहती हूं। मैं ब्रेस्ट कैंसर के तीसरे स्टेज पर हूं। मैं ठीक हूं। मैं स्ट्रॉन्ग हूं और डटी हुई हूं। इस बीमारी पर काबू पाने के लिए पूरी तरह से कमिटेड हूं। मेरा इलाज शुरू हो चुका है और मैं इससे और भी मजबूत होकर उबरने के लिए हर संभव प्रयास करने के लिए तैयार हूं।'






यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099